संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



विशेष सत्र बुलाने की मांग को लेकर भाजपा ने दिया दिल्ली विधानसभा परिसर में धरना।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 302 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज को मिलेगा एम्स भोपाल और गोरखपुर का साथ

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के निदेशक एवं एम्स गोरखपुर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खास तौर पर गुरु गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज) की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और उपलब्ध सुविधाओं को उत्कृष्ट बताया। एम्स भोपाल और गोरखपुर इस मेडिकल कॉलेज के साथ मिलकर पूर्वांचल के मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। एम्स भोपाल के निदेशक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के परिसर और कार्य संस्कृति को देखकर काफी प्रभावित हुए और मुक्त कंठ से इसकी सराहना की।

# संसद में 'धक्कामार' सियासत पर हंगामा

## ● संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की के चलते भाजपा सांसद घायल, राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप

**घायल**

▶▶ भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी और खून निकलने लगा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी** और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर के मुद्दे पर संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की तक हो गई। इसमें भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी और वहां से खून निकलने लगा। जिसके चलते उन्हें तत्काल एबुंलेंस से अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उलझ पड़े। राहुल गांधी ने संसद भवन में प्रवेश करने के चलते एक सांसद को धक्का दे दिया, वे आगे खड़े प्रताप चंद्र सारंगी के ऊपर गिरे, जिससे सारंगी चोटिल हो गई। व्हील चेयर पर बैठकर एबुंलेंस तक जाते हुए सारंगी ने कहा, ह्मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, राहुल गांधी आए और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गया, जिससे मैं भी गिर पड़ा। स्वयं राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि वे संसद भवन के भीतर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा ह्मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। ये संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने फरूखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे प्रताप चंद्र सारंगी पर गिरे थे।

मुकेश राजपूत को अचेतावस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। राज्यसभा में नागालैंड से भाजपा सदस्य एस फान्गनॉन कोन्याक ने राहुल गांधी के धक्का मुक्की करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उनके बहुत करीब आ गए थे। इस पर सभापति ने कहा कि वे उनसे मिलने भी आईं थी और वे इस विषय को देख रहे हैं। इस मुद्दे को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और नेता सदन जेपी नड्डा ने भी सदन में उठाया। हमारे दो सांसद घायल हुए हैं और एक को अस्पताल जाना पड़ा है।

### मल्लिकार्जुन खरगे के साथ हुई धक्का-मुक्की

**दूसरी ओर** कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों पर आरोप लगाए। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सांसद अराजकता पैदा करने, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निशाना बनाने और उन पर हमला करने के इरादे से पहुंचे। जैसे ही वह अंदर घुसे भाजपा सांसदों ने उन्हें धक्का दिया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। खड़गे पर यह खुला हमला भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेतृत्व में आज संसदीय दल की बैठक हुई।

## शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. भीमराव आंबेडकर विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है। यह जानकारी कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने दी है। गुरुवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव राज्यसभा में डॉ आंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए पेश किया गया। जयराम रमेश ने साझा किए गए एक वीडियो में अमित शाह को राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान विपक्ष पर निशाना साधते हुए यह कहते हुए देखा जा सकता है कि "अभी एक फैशन हो गया है - आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।" खरगे ने कहा कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि सदन की उपस्थिति में कोई भी दुर्व्यवहार या अपमानजनक बयान देना विशेषाधिकार का उल्लंघन और सदन की अवमानना है।



# ऑनलाइन नमाज पढ़ने की ट्रेनिंग दी, ड्रग से किया काबू




टीम एक्शन इंडिया

**गाजियाबाद** : फराज अथर ने युवती को नशे की ड्रग देकर अपने वश में कर लिया था। युवती ड्रग की आदी हो गई थी। ड्रग लेने के बाद फराज जो भी कहता, वो करने के लिए राजी हो जाती। युवती के पिता ने बताया कि उन्होंने बेटी को नमाज पढ़ते देख लिया था। पूछने पर उसने बताया था कि वह धर्म परिवर्तन कर चुकी है। पिता ने पुलिस को बताया कि फराज ने उनकी बेटी को नमाज पढ़ने और मुस्लिम रीति-रिवाज का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिलाया था। प्रशिक्षण के बाद वह पांचों वक्त की नमाज पढ़ने लगी थी। परिवार वालों के विरोध के बावजूद बुर्का पहनती थी। उसके कमरे से कुरान और हदीस की किताबें मिली हैं। उसकी डायरी में भी लिखा है कि उसने धर्म बदल लिया है। फराज ने उसे काट्सएप ग्रुप में शामिल करा दिया था। इस ग्रुप में उसे मुस्लिम रीति-रिवाज की जानकारी दी जाती थी। युवती के पिता ने बताया कि बेटी फराज से शादी करने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार थी। फराज ने धर्म परिवर्तन की शर्त इसलिए रखी भी ताकि वह इनकार कर दे, लेकिन वह राजी हो गई। युवती के पिता ने बताया कि फराज ने सगाई के बाद ही संपत्ति की मांग करनी शुरू कर दी थी। वह बेटी के हिस्से की संपत्ति को दहेज में मांग रहा था। संपत्ति नहीं मिली तो उसने बात करना बंद कर दिया। अगर संपत्ति मिल जाती तो वह उसे बेचकर शादी किए बगैर ही भाग जाता। अगर वह धोखा देकर न भागता तो बेटी की खुशी की खातिर वह अपनी संपत्ति उसे दे देते। युवती के मोबाइल फोन से पुलिस को उसके और फराज के बीच की कई चैटिंग मिली हैं। इसे पुलिस कोर्ट के सामने साक्ष्य के रूप में रखेगी।

## आधे अधूरे आवेदन ने रोकी नौनिहालों के स्कूल की राह

**ग्रेटर नोएडा** : शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पहले चरण में 50 प्रतिशत आवेदन आधे अधूरे होने के कारण विभाग की ओर से निरस्त कर दिए गए हैं। आवेदन के निरस्त हो जाने के कारण नौनिहालों की स्कूल जाने की राह रुक गई है। पहली बार बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से आरटीई के तहत दिसंबर में ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। एक से 19 दिसंबर तक अभिभावकों को पहले चरण के तहत आवेदन करने हैं। 17 दिन में करीब 21 सौ आवेदन अब तक विभाग को मिल चुके हैं। इस बार आवेदन आने के साथ ही सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सत्यापन में करीब 50 प्रतिशत बच्चों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभिभावकों ने आवेदन करते समय कई गलतियां की है।

अभिभावकों से शिक्षा विभाग ने अपील की है कि वह आवेदन करते समय सावधानी बरतें।

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**Case No.28/E/HVS/CH/2024/02**

उत्तर रेलवे, केन्द्रीय चिकित्सालय, बसंत लेन, नई दिल्ली में नेत्र विभाग, नेफ्रॉलोजी, गस्टरोइंटरोलॉजी विभाग में मानद विजिटिंग स्पेसलिस्ट (HVS) के तीन पदों की नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से 04.01.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों की स्तिथि नियम और शर्तो के साथ विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध है। https://nr.indianrailways.gov.in प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, उत्तर रेलवे, केन्द्रीय चिकित्सालय, नई दिल्ली। 3891/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 New Delhi, dated: 19.12.2024

**शुद्धिपत्र -XIV**

**विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 31.01.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303।**

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 20.12.2024 को स्थगित कर 31.01.2025 कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेलः vijay.singh.2017@gov.in

3890/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जतिन पुत्रः** विनोद मोर **पताः** जी1/150 जी ब्लॉक पिलर नंबर 775 के पास उत्तम नगर दिल्ली, ने **FIR No. 856/21 U/s 406/506 IPC थानाः रणहौला दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 856/21 U/s 406/506 IPC थानाः रणहौला दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जतिन,** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
एल.डी. एमएम–08, पश्चिम–जिला
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16614/OD/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश शर्मा उर्फ लक्की, पुत्रः अजय शर्मा, पताः 1694 जनता फ्लैट, जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** ने **FIR No. 796/15, U/s: 341/323/506 IPC, पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश शर्मा उर्फ लक्की** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **आकाश शर्मा उर्फ लक्की** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 796/15, U/s: 341/323/506 IPC, पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **आकाश शर्मा उर्फ लक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री संघमित्रा,
जेएमएफसी–01, शाहदरा, कमरा नंबर 54
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16184/SHD/2024

## मॉल के अंदर चल रहा था अवैध रूप से हुक्काबार

**गाजियाबाद** : इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के शक्तिखंड दो स्थित डी-मॉल में अवैध रूप से संचालित हो रहे हुक्काबार पर छापामारी कर पुलिस ने बार मालिक और प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस को तीन हुक्का समेत अन्य प्रतिबंधित सामान भी बरामद हुआ है। इंदिरापुरम थाने के एसआई बाबूराम ने टीम के साथ सूचना मिलने पर बुधवार रात छापामारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से बार मालिक वैशाली सेक्टर तीन निवासी रोनक सिंह और बार के मैनेजर शक्ति खंड दो निवासी आकाश को गिरफ्तार किया। पुलिस की तरफ से दर्ज हुए मुकदमे में दोनों को नामजद भी किया गया है। इनके अलावा पुलिस ने तीन-चार अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि हुक्काबार अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। बार संचालक कोई एनओसी भी नहीं दिखा पाए थे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि **रूस्तम पुत्रः** राम नरेश, **पताः** मकान नं. 23, गली नं. 6, राजेन्दर पाल, कमरूद्दीन नगर, दिल्ली और कबीलपुर, पीएसः तिलहारी, जिला शाहजहांनपुर उत्तर प्रदेश ने **FIR No. 1149/2021, U/s 323/341/34 IPC** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रूस्तम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रूस्तम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1149/2021, U/s 323/341/34 IPC** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रूस्तम** से अपेक्षा की जाती हैं कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. मार्गव राव, एलडी
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 292,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16577/OD/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शेरखान उर्फ शेरू पुत्रः** इरशाद, **पताः** डाबर तलाब, नियर चाँद मस्जिद, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और 240 डाबर तलाब, संगम विहार, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **FIR No. 141/2016, U/s 420/34 IPC** थानाः शाहदरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेरखान उर्फ शेरू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेरखान उर्फ शेरू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 141/2016, U/s 420/34 IPC** थानाः शाहदरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शेरखान उर्फ शेरू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाती शर्मा
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कमरा नं. 59, जिला शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16561/SHD/2024
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग (खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–20/2024–25 दिनांक 18.12.2024)**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी. उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत –39/ 2024–25 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन के सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर मौजूदा खलासी लाइन एफओबी के स्थान पर दिल्ली की ओर रेलवे लाइनों पर एंड टू एंड पब्लिक एफओबी के निर्माण के संबंध में विद्युत कार्य | ₹ 18,74,151.42 | ₹ 37,500.00 | 03 महीने | 09.01.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 3886/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कुत्ते के भौंकने पर मालिक पर किया था जानलेवा हमला

**बुलंदशहर** : स्याना कोतवाली क्षेत्र में कुत्ते के भौंकने से नाराज पड़ोसियों ने मालिक पर फरवरी 2015 में जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस प्रकरण में अब अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर चार अभिमन्यु सिंह के न्यायालय ने सभी चार अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। साथ ही उन्हें चार-चार वर्ष का सश्रम कारावास व पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया है। वादी मुकदमा रिछपाल सिंह निवासी गांव लौंगा थाना स्याना ने दो फरवरी 2015 को स्याना कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि दिन में उनका पुत्र ललित घर के सामने खड़ा हुआ था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कपिल तिवारी पुत्र श्री मधु सुधन तिवारी निवासी मकान नंबर के-156/सी, 31/2, पुश्ता, करतार नगर, दिल्ली-110053 ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 106/2018 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना हौज काजी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल तिवारी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल तिवारी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 106/2018 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना हौज काजी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कपिल तिवारी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.01.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रेया सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)-05, (केन्द्रीय), कमरा नं.02
भूतल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

दि.पु./16603/केन्द्रीय जिला/2024

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन कुमार, पुत्र रवि कुमार,** पताः मकान नं. 106, वशिष्ठ पार्क, सागरपुर, नई दिल्ली ने **FIR No. 411/2019,U/s 25 Arm's Act, पुलिस थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधनप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **अमन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 411/2019,U/s 25 Arm's Act, पुलिस थाना सागरपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **अमन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
जेएमएफसी–03
18, प्रथम तल, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16455/SW/2024

**उत्तर रेलवे**

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय**
**प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110001**
**Mail ID: salenr365@gmail.com**

संख्याः 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024–25 दिनांकः 18.12.2024

**नीलामी सूचना सं०–जनवरी–2025**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

**जनवरी' 2025 की ई–नीलामी**

| क्र० सं० | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीज़न | नीलामी समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ट चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522–2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 11 | 15 | 18 | 21 | 25 | 31 |
| 2 | शकुरबस्ती 011–27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 11 | 15 | 18 | 22 | 25 | 31 |
| 3 | जगाधरी 01732–252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 11 | 15 | 18 | 21 | 25 | 31 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522–2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 6 | 9 | 13 | 16 | 20 | 27 | 31 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632–244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 8 | 10 | 14 | 17 | 21 | 24 | 31 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171–2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 6 | 10 | 13 | 16 | 20 | 27 | 31 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591–2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 10 | 14 | 17 | 21 | 27 | 31 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011–23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 6 | 9 | 13 | 16 | 20 | 24 | 31 |

नोटः नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे बेवसाईट www.ireps.gov.in देखें।

3893/2024 (नरेंद्र सिंह) उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# शाह के बयान को लेकर गरमाई सियासत,

## पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू को पत्र लिखा

**सियासत**

**गृहमंत्री का बयान न केवल अपमानजनक है बल्कि भाजपा की संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीआर आंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर आम आदमी पार्टी आक्रामक हो गई है। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू को पत्र लिखा है। केजरीवाल ने लिखा, 'गृहमंत्री का बयान न केवल अपमानजनक है बल्कि भाजपा की बाबासाहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है। देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। ये बयान देने के बाद अमित शाह जी ने माफी मांगने की बजाय अपने बयान को उचित ठहराया।' अरविंद केजरीवाल ने लिखा, मैं आपको यह पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं, जो न केवल हमारे संविधान बल्कि बाबासाहेब अम्बेडकर की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा है। हाल ही में संसद में, देश के गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा बाबासाहेब के नाम पर की गई टिप्पणी ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उनका यह कहना कि "आम्बेडकर-आम्बेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है',न केवल अपमानजनक है बल्कि बीजेपी की बाबासाहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है।' दिल्ली के पूर्व सीएम ने आगे लिखा, 'बाबासाहेब के बारे में ऐसा कहने का साहस आखिर भाजपा ने कैसे किया? इस से देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। ये बयान देने के बाद अमित शाह जी ने माफी मांगने की बजाय अपने बयान को उचित ठहराया।

प्रधान मंत्री जी ने सार्वजनिक रूप से अमित शाह जी के बयान का समर्थन किया। इसने जले पर नमक छिड़कने का काम किया। लोगों को लगने लगा है कि बाबा साहेब को चाहने वाले अब भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते।





### 'बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेंगे', आप पार्षदों ने भाजपा को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एमसीडी के सदन में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। एमसीडी सदन की बैठक समय पर शुरू नहीं होने पर भाजपा पार्षदों ने हंगामा शुरू किया। भाजपा पार्षद अपनी सीटों से उठकर मेयर के आसन के सामने के साथ-साथ उनके आसन पर भी चढ़ गए। इसके अलावा वह अपनी सीटों पर खड़े होकर भी नारेबाजी की। उन्होंने अपने हाथों में आम आदमी पार्टी विरोधी नारे लिखी तख्ती ले रखी थी। आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने भाजपा को घेरने के लिए बाबा साहब अंबेडकर का फोटो लेकर नारेबाजी शुरू की। उन्होंने नारे लगाए कि बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेंगे। एमसीडी सदन की बैठक शुरू होते ही भाजपा पार्षदों ने हंगामा शुरू किया, वह मेयर से देर पर आने के लिए माफी की मांग को लेकर आसान पर चढ़ गए और मेयर का घेराव किया, इस कारण मेयर ने बैठक 10 मिनट तक स्थगित कर दी। हालांकि, इससे पहले उन्होंने अनेक बार भाजपा पार्षदो से आग्रह किया कि वह शांत होकर अपनी सीटों पर बैठ जाएं, उसके बाद मैं बात करेंगे।

# केजरीवाल-मुख्यमंत्री आतिशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के अग्रवाल समाज के मतदाताओं के 'नाम कटवाने' का आरोप लगाने के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक बढ़ी दी है। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। इस मामले में केजरीवाल और आतिशी ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। आज सुनवाई के दौरान इस मामले में शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की जिसके बाद कोर्ट ने चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर भी लगी रोक अगले आदेश तक जारी रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने 30 सितंबर को राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान आतिशी और केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु



**सुनवाई**

**सिंघवी ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के मामले मे चल रही निचली अदालत की सुनवाई पर रोक लगा दी**

सिंघवी ने कहा था कि बिना किसी नुकसान के आपराधिक मानहानि कानून की नजर में कोई मायने नहीं रखती।

सिंघवी ने शशि थरूर के मामले का हवाला देते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के मामले मे चल रही निचली अदालत की सुनवाई पर रोक लगा दिया था।

# पानी की कमी से महिलाएं होती हैं प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ग्रामीण क्षेत्र हो या शहर, जहां भी पानी की कमी होती है उससे सबसे अधिक महिलाएं ही प्रभावित होती हैं। ऐसे में जल संरक्षण जरूरी है। खेत का पानी खेत में होना चाहिए। यह बातें केंद्रीय जल राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने कही। वह बुधवार को न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित 5वें जल प्रहरी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ने काफी हद तक पानी की समस्या को सुलझा दिया है। पानी के सरंक्षण की मुहिम का असर दिख रहा है। लोग जल संरक्षित करने को लेकर जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग खराब खाने व पानी से बीमार होते थे, लेकिन अब ऐसा बेहद कम होता है। इस समारोह में अमर उजाला मीडिया सहयोगी की भूमिका में रहा है। सम्मान समारोह में जल संरक्षण के लिए देशभर से 37 जल संरक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें जल संरक्षण, प्रबंधन की दिशा में किए गए कार्यों के मद्देनजर इस वर्ष उत्तर प्रदेश भागीदार राज्य रहा।




# कोर कमेटी के साथ गृह मंत्री शाह ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जल्द ही भाजपा अपने प्रत्याशियों को भी चुनावी मैदान में उतारने का एलान करेगी। इसके लिए 21 सदस्यों वाली चुनाव समिति की घोषणा की गई है। जिसमें तीन विशेष आमंत्रित सदस्य हैं और एक पदेन सदस्य शामिल है। ये समिति अपने स्तर पर मजबूत दावेदारों के नाम की सूची तैयार कर आला कमान को सौंपेगी। सदस्यों की सूची में आधे दर्जन से अधिक ऐसे सदस्य भी है जो खुद मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की दावेदारी अपने विधानसभा में कर रहे है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रख रणनीति बनाने में जुटी है। इसी बीच चुनाव समिति का भी ऐलान किया है। बुधवार को प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी हुई। जहां विपक्षी पार्टियों की रणनीति के साथ ही मजबूत दावेदारों पर चर्चा की गई। कोर कमेटी ने दिल्ली की राजनीतिक हालात से गृह मंत्री को अवगत किया। आम आदमी पार्टी के चुनावी रणनीति और मुफ्त की योजनाओं के बारे में भी बताया।

# बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र... कांग्रेस-आप का पुराने दिग्गजों पर भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शाहजहांनाबाद के दिल में स्थित बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र पर हर चुनाव में दिल्ली की नजरें टिक जाती हैं। मुस्लिम बहुल्य यह इलाका कभी कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था। भाजपा यहां हिंदू कार्ड खेलकर किला भेदने की कोशिश करती रही, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) की एंट्री ने कांग्रेस की सियासत को करारा झटका दिया। पिछले दो चुनावों में आप ने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि कांग्रेस को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। इस बार क्षेत्र में त्रिकोणणिय मुकाबले के आसार हैं।

बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र 1993 में अस्तित्व में आया। तब से लेकर अब तक हुए सात चुनावों में कांग्रेस ने हर बार हारून युसूफ को उम्मीदवार बनाया। इस बार भी कांग्रेस ने उन्हें मैदान में उतारा है। हारून युसूफ पांच बार लगातार इस क्षेत्र से विधायक चुने जा चुके हैं और शीला दीक्षित सरकार में मंत्री भी रहे। हालांकि, 2015 और 2020 के चुनावों में वह तीसरे स्थान पर चले गए थे। पिछले दो चुनावों में आम आदमी पार्टी ने इस क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा।



**त्रिकोणीय**

**तब से लेकर अब तक हुए सात चुनावों में कांग्रेस ने हर बार हारून युसूफ को उम्मीदवार बनाया**

आप उम्मीदवार इमरान हुसैन ने दोनों बार जीत दर्ज की और केजरीवाल के साथ-साथ आतिशी सरकार में मंत्री बनने का अवसर भी प्राप्त किया। इस बार भी पार्टी ने इमरान हुसैन पर भरोसा जताया है। भाजपा अब तक इस क्षेत्र में जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। हालांकि, छह बार उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे हैं। वर्ष 2003 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार तीसरे स्थान पर खिसक गए थे।

| वर्ष | जीते (पार्टी) | हारे (पार्टी) |
|---|---|---|
| 1993 | हारून यूसुफ (कांग्रेस) | वीडी शर्मा (भाजपा) |
| 1998 | हारून यूसुफ (कांग्रेस) | वीडी शर्मा (भाजपा) |
| 2003 | हारून यूसुफ (कांग्रेस) | सतीश चंद जैन (निर्दलीय) |
| 2008 | हारून यूसुफ (कांग्रेस) | मोतीलाल सोढ़ी (भाजपा) |
| 2013 | हारून यूसुफ (कांग्रेस) | मोतीलाल सोढ़ी (भाजपा) |
| 2015 | हारून यूसुफ (कांग्रेस) | श्याम लाल |

# बार एसो.के चुनाव में महिलाओं के लिए तीन पद आरक्षित करने का आदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में महिलाओं के लिए तीन पद आरक्षित करने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली की निचली कोर्ट के बार एसोसिएशंस में कोषाध्यक्ष के पद के अलावा कार्यकारिणी के दूसरे 30 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बार एसोसिएशंस में महिलाओं के आरक्षण का यह आदेश प्रायोगिक तौर पर केवल आगामी चुनाव के लिए होगा। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक बुलाकर महिला आरक्षण पर फैसला करने का निर्देश दिया था। दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने जनरल बॉडी की बैठक में महिलाओं के आरक्षण के प्रस्ताव पर अपनी असहमति जताई थी। याचिका वकील शोभा गुप्ता ने दायर की थी।

याचिका में दिल्ली की बार एसोसिएशंस में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की मांग की गई थी।

**आदेश**

**याचिका में दिल्ली की बार एसोसिएशंस में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की मांग की गई थी**

# दिल्ली में आसमान से दिखे 322 जल निकाय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में सैटेलाइट तस्वीरों से देखने पर 322 जगहों पर जल निकाय दिखते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में केवल 43 जल निकाय मौजूद हैं। ऐसी ही एक अजीबोगरीब सच्चाई राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को मिली है। दिल्ली आर्द्र भूमि प्राधिकरण ने अदालत के सामने दिल्ली के जल निकायों से जुड़ी जमीनी पड़ताल पर आधारित एक रिपोर्ट सौंपी है। यह रिपोर्ट भू-स्थानिक दिल्ली लिमिटेड (जीएसडीएल) की सैटेलाइट इमेज के आधार पर तैयार की गई है। इसमें दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने अदालत से जीएसडीएल की तरफ से 322 जल निकायों और जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति को लेकर पूरी रिपोर्ट पेश करने के लिए समय देने की मांग की। दिल्ली सरकार के अनुसार, दिल्ली में झील, तालाब और जोहड़ (रिसाव तालाब) समेत 1,367 जल निकाय हैं। यह संख्या सैटेलाइट इमेजरी पर आधारित है। दूसरी ओर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज 1,045 से अधिक जल निकाय है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने दलीलों पर गौर करने के बाद डीपीसीसी समेत अन्य विभागों को मामले में चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

**जवाब तलब**


**डीपीसीसी समेत अन्य विभागों को मामले में चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया**

# ठंड, कोहरे और प्रदूषण की तिहरी मार, थामी वाहनों की रफ्तार; ऑरेंज अलर्ट जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी ने दिल्ली में ठोंड बढ़ा दी है। तापमान गिरने के साथ ही कोहरे छा रहा है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक सुबह से कुछ स्थानों पर कोहरा है और शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। मौसम विभाग ने कल के लिए भी कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है।

दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को सुबह के समय कोहरे ने वाहनों की रफ्तार कम कर दी। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज सुबह नजफगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, आया नगर में 5.4, लोधी रोड में 7.0, पालम में 7.4 और रिज में 7.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।



**दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह दिल्ली के आनंद विहार में 478, अशोक विहार में 474, आया नगर में 388, बवाना 460, बुराड़ी 473, चांदनी चौक 386, आईटीओ 474, नेरेला 445, आरकेपुरम में 4456 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम के साथ 7.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आया नगर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लोगों को अच्छी-खासी ठंड का अहसास हुआ। दिन के समय कुछ देर के लिए सूरज के दर्शन हुए, लेकिन शाम ढलने से पहले ही कोहरा छा गया। हवा की गति कम होने से कोहरे के साथ स्मॉग से राहत नहीं मिली। हालांकि, शाम होते ही ठंडी हवाओं ने ठंडक का अहसास कराया। ऐसे में दिन का तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक के साथ 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



# खनौरी बॉर्डर पर डलेवाल बेहोश हुए

**हालत खराब**

**डल्लेवाल सुबह अचानक बेहोश होकर गिर गए। उन्हें उल्टियां भी हुईं। अधिकारी खनौरी बॉर्डर पहुंचे**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पंजाब के खनौरी** बॉर्डर पर पिछले 24दिन से आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डलेवाल गुरुवार को बेहोश होकर गिर गए। किसानों को फसल पर एम एस पी को कानून के दायरे में लाने की मांग को लेकर किसान नेता डालेवाल 24 दिन से अनशन पर बैठे है। डल्लेवाल गुरुवार सुबह अचानक बेहोश होकर गिर गए। उन्हें उल्टियां भी हुईं। पुलिस के सीनियर अधिकारी खनौरी बॉर्डर पहुंच गए । डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया । हालांकि, अब वह स्थिर है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को किसान आंदोलन पर सुनवाई के दौरान कहा 70 साल का आदमी 24 दिन से हड़ताल पर है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से सवाल किया कि 70 साल का आदमी 24 दिन से भूख हड़ताल पर है। कौन डॉक्टर है, जो बिना किसी टेस्ट के डल्लेवाल को सही बता रहा है।सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले 18 दिसंबर को भी इस मामले पर सुनवाई की थी। राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि डल्लेवाल पर ढिलाई न बरतें। वे जननेता हैं, उनसे किसानों की भावनाएं जुड़ी हैं। उनकी सेहत का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। पंजाब सरकार के अटॉर्नी जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा- हमने रातभर में काफी कुछ बातचीत की है। पहले डल्लेवाल विरोध कर रहे थे, लेकिन अब हमने डॉक्टरों की एक टीम वहां बैठा दी है। एक जगह है हवेली, उसे अस्पताल बना दिया गया है। वहां सभी इमरजेंसी सेवाएं हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वहां कैसे अस्पताल की सुविधाएं ले जा सकते हैं, क्या डल्लेवाल को वहां ले जाया गया है? पंजाब सरकार ने कहा डल्लेवाल आज सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात रखना चाहते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने कहा उनसे बातचीत में हमें कोई परेशानी नहीं है। लेकिन सबसे पहले हम यह चाहते हैं कि उनका इलाज किया जाए। प्राथमिकता पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। पंजाब सरकार ने इस पर कहा समस्या यह है कि तीन-चार हजार लोग इकट्ठा हैं, जो उन्हें हटाने का विरोध कर रहे हैं। कोई गाड़ी वहां से नहीं निकल सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हमें उनकी ब्लड रिपोर्ट दिखाइए।पंजाब सरकार- ने कहा अभी तक तो डल्लेवाल ठीक हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा आप ऐसा कह रहे हैं, कोई डॉक्टर नहीं। आप चाहते हैं कि अफसर डॉक्टरों का काम करें? 70 साल का व्यक्ति 24 दिन से भूख हड़ताल पर है। कौन डॉक्टर है, जो बिना टेस्ट के उन्हें स्वस्थ बता रहा है। वे अनशन कर रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी

# बाजरा जैसे मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दे रही है प्रदेश सरकार: श्याम



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के कृषि एवं** किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बाजरा जैसे मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार "श्री अन्न" श्रेणी के तहत इनकी ब्रांडिंग और प्रचार को प्राथमिकता दे रही है। इससे किसानों को बाजरा की खेती को प्रोत्साहित करने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, बेहतर आय और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यहां जारी बयान में कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के प्रयासरत है और कृषि आय में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। कृषि मंत्री ने किसानों के कल्याण को सरकार का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि हरियाणा भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है जो सभी 24 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करता है। उन्होंने पानी के संरक्षण को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार उन किसानों को 7,000 रुपये प्रति एक-ड़ की प्रोत्साहन राशि देती है जो पानी की अधिक खपत करने वाली धान की खेती छोड़ते हैं। उन्होंने टिकाऊ खेती प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए इस वित्तीय प्रोत्साहन को और बढ़ाने के संकेत दिए। उन्होंने आगे बताया कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश सरकार जलवायु-प्रतिरोधी और उच्च उत्पादकता वाली फसल किस्मों के सब्सिडी वाले बीज किसानों को उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही, कपास की फसलों में कीट संक्रमण को नियंत्रित करने और कीटनाशकों व रसायनों के दुरुपयोग पर नियंत्रण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने नकली बीज, कीटनाशकों और उर्वरकों के उत्पादन और बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार पराली जलाने की समस्या का समाधान करने के लिए किसानों को साथ लेकर कई कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सब्सिडी वाले कृषि उपकरण प्रदान करने के अलावा, हरियाणा एकमात्र राज्य है जो पराली न जलाने वाले किसानों को 1,000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि देता है। सरकार इस राशि को और बढ़ाने की योजना बना रही है और पर्यावरणीय स्थिरता में रेड-जोन से ग्रीन-जोन में परिवर्तन करने वाले पंचायतों को नकद पुरस्कार देकर मान्यता देने पर विचार कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुग्राम: विधानसभा की वोटर लिस्ट के आधार पर ही तैयार होंगी मतदाता सूचियां: धनपत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। राज्य** चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में मतदाता सूची तैयार करने और नए बूथ बनाए जाने के कार्य में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए। जिस वोटर का नाम विधानसभा सूची में होगा, उसी को नगर निगम या नगर परिषद की मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त गुरुवार को रेस्ट हाऊस में निकाय चुनाव के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला के गुरुग्राम, मानेसर नगर निगम, पटौदी हेलीमंडी व फर्रुखनगर नगरपालिका के चुनाव करवाए जाने हैं। इन चारों निकाय ईकाईयों की मतदाता सूची तैयार करने के लिए बीएलओ अपना कार्य ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि इस बार निकाय चुनाव में महिलाओं के लिए स्पेशल पिंक बूथ बनाए जाएं, जहां महिला कर्मचारी ही ड्यूटी पर होंगी। इसी प्रकार कहीं एससी वर्ग या किसी विशेष समाज के लोग अपने लिए स्पेशल बूथ बनाने का अनुरोध करते हैं तो उस पर भी विचार किया जाना चाहिए। चुनाव आयुक्त ने बैठक में ईवीएम की मांग और उसके रख-रखाव के बारे में भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। इस बारे में पुलिस विभाग का सहयोग लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निकाय चुनाव में उसी मतदाता को वोट डालने का अधिकार होगा, जिसका नाम क्षेत्र की विधानसभा सूची में दर्ज है। संबधित अधिकारी दावे और आपत्तियों का निपटान समय पर करें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाए कि सभी मतदान केंद्र सरकारी भवनों में स्थापित किए जाएं।

**गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में हैं 870 बूथ**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि गुरुग्राम नगर निगम में 870 बूथ हैं। यहां 36 वार्डों में 8 लाख 65 हजार 149 वोटर हैं। इसी प्रकार मानेसर नगर निगम में 96 हजार 241 मतदाता हैं। यहां 20 वार्डों में 95 मतदान केंद्र हैं। फर्रुखनगर नगरपालिका में 14 वार्डों में 16 हजार मतदाता तथा 16 बूथ बने हुए हैं। पटौदी हेलीमंडी नगरपालिका में 40 हजार मतदाता हैं और यहां 22 वार्डों में 45 बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम, मानेसर, पटौदी हेलीमंडी व फर्रुखनगर में निकाय चुनाव के लिए 23 दिसंबर तक मतदाताओं से दावे और आपत्तियां आमंत्रित किए गए हैं। पुनरीक्षण अधिकारियों द्वारा 27 दिसंबर तक इनका निपटारा किया जाएगा। इसके बाद कोई वोटर अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह 31 जनवरी तक उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकता है।

### गुरुग्राम के उच्च शिक्षण संस्थानों व स्कूलों में हाईब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के बढ़ते स्तर व सीएक्यूएम द्वारा लागू ग्रेप के चौथे चरण के दृष्टिगत उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक ने गुरुग्राम के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में 21 दिसंबर तक हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं। निदेशक द्वारा जारी आदेशों में जिला के सभी राज्य और निजी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार, सरकारी कॉलेजों, सरकारी सहायता प्राप्त वस्व-वित्त पोषित कॉलेजों के प्रिंसिपल को निर्देश दिए गए हैं कि वे आदेशों के अनुपालन में सभी कक्षाएं हाइब्रिड मोड में संचालित करवाएं। जारी आदेशों में कहा गया है कि जिला में जहां भी ऑनलाइन मोड संभव हो, वहां भौतिक रूप में और साथ ही ऑनलाइन मोड में भी कक्षाएं संचालित की जाएंगी। ऑनलाइन शिक्षा मोड का उपयोग करने का विकल्प छात्रों और अभिभावकों के पास होगा।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने दिए आदेश**
हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक ने भी इस संबंध में जिला के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के प्रमुखों को आदेश दिए हैं कि वे आगामी आदेशों तक कक्षा 9वीं और 11वीं तक के बच्चों के लिए स्कूलों में हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करें, यानी भौतिक और ऑनलाइन दोनों मोड में (जहां भी ऑनलाइन मोड संभव हो)। बता दें कि डीसी अजय कुमार के दिशा निर्देशन में जिला में ग्रेप 4 के तहत सभी पाबंदियों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। जिला में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सभी निजी संस्थानों में वर्क फ्रॉम होम की एडवाइजरी जारी की गई है। वहीं सभी सरकारी व निकाय कार्यालयों के ऑफिस टाइमिंग में भी बदलाव किया गया है। इसके साथ साथ फील्ड संबंधी अन्य पाबंदियों को लागू करने के दृष्टिगत संबंधित विभागों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश सरकार का वादा हर घर में नल और नल में स्वच्छ जल : रणबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने वीरवार को हिसार जिला के गांव धांसू, बुगाना तथा धिकताना में धन्यवादी दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनकी निदान की दिशा में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा ही संकल्प पत्र में सिर्फ वायदे नहीं करती बल्कि उन्हें पूरा करने का भी काम करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सरकार बनते ही शपथ लेने उपरांत मंच से उतरने से पूर्व 25 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी देने का कार्य किया। प्रदेश सरकार पहले दिन से ही काबिलियत के आधार पर नौकरी देने के पक्ष में रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, व्यापारी या दुकानदार का कोई भी बच्चा हो अगर उसमें योग्यता है तो उसे नौकरी प्राप्त करने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के " हर घर में नल और नल में स्वच्छ जल" के वादे को पूरा करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

# बॉर्डर के किसान आंदोलन को खाप पंचायतों का समर्थन



**विरोध**

**खापों के समर्थन से अब तक दिल्ली कूच रोकने में कामयाब रही हरियाणा सरकार की कठिनाई बढ़ गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: किसानों को शंभू बॉर्डर** से दिल्ली कूच से रोके जाने के विरोध में आंदोलन फिर एक बार ताकतवर होता दिखाई दे रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा के इस आंदोलन से किनारा कर लेने के बाद अब हरियाणा की खाप पंचायतों ने समर्थन दे दिया है। खापों के समर्थन से अब तक दिल्ली कूच रोकने में कामयाब रही हरियाणा सरकार की कठिनाई बढ़ गई है।खाप पंचायतों ने किसान आंदोलन के मुद्दे पर 29दिसंबर को हिसार में महापंचायत बुलाई है। दूसरी ओर खुदकुशी करने वाले किसान रणजोध सिंह का शव गुरुवार को शंभू बॉर्डर लाया गया। यहां किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर समेत दूसरे किसान नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

चंडीगढ़ के सेक्टर 35 स्थित किसान भवन में हरियाणा की खाप पंचायतों की बैठक हुई। इस बैठक में खाप पंचायतों ने किसान आंदोलन को समर्थन दे दिया। इसको लेकर 29 दिसंबर को हिसार में खाप महापंचायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों से बातचीत करनी चाहिए। किसान 10 महीने से फसलों की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून की मांग कर रहे हैं। 13 फरवरी 2024 से शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन चल रहा है। इसके अलावा खनौरी बॉर्डर पर भी किसान धरने पर बैठे हैं। यहां हरियाणा पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें दिल्ली जाने से रोका हुआ है। 10 जुलाई 2024 को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर को खोला जाए। इसके खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई।
सुप्रीम कोर्ट ने एंबुलेंस, सीनियर सिटिजन्स, महिलाओं, छात्रों के लिए शंभू बॉर्डर की एक लेन खोलने के लिए कहा। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी बनाई, जिसे सरकार और किसानों के बीच मध्यस्थता करनी थी।

# मुख्य सचिव ने समाधान शिविर के माध्यम से जवाबदेह शासन पर दिया बल

**समाधान**

**प्रशासन-लोगों के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए शिकायतों का समय पर समाधान किया जाना आवश्यक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज जन शिकायतों को शीघ्र और निर्धारित समय-सीमा के भीतर हल करने के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दृष्टिकोण से प्रेरित प्रमुख पहल समाधान शिविर की प्रगति की समीक्षा की। इस पहल की प्रगति की समीक्षा करने के लिए उपायुक्तों के साथ एक वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डॉ. जोशी ने कहा कि प्रशासन और लोगों के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए शिकायतों का समय पर और कुशलतापूर्वक ढंग से समाधान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा, ह्यइन शिविरों को शिकायतों के समाधान से आगे बढ़कर उत्तरदायी और समावेशी शासन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होना चाहिए। डॉ. जोशी ने कहा कि अधिकारियों और नागरिकों के बीच सीधे संपर्क की आवश्यकता है ताकि नीति-निर्धारण प्रक्रिया में जनता की प्रतिक्रिया को तत्परता से शामिल किया जा सके। उन्होंने समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने और ठोस परिणाम हासिल करने के लिए अंतर-विभागीय समन्वय बढ़ाने का भी आह्वान किया, ताकि जनता की संतुष्टि बढ़े। उपायुक्तों ने इस कार्यक्रम के प्रति अपने पूर्ण एवं प्रतिबद्ध प्रयासों का आश्वासन देते हुए कहा कि इस पहल से समयबद्ध तरीके से जन शिकायतों के समाधान में सार्थक परिणाम मिल रहे हैं।

## 10 लाख की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में पुलिस ने 10 लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपी को गुरुवार गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल बरामद किया गया है। ये कार्रवाई अपराध शाखा सेक्टर 65 की पुलिस टीम ने की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मामले में थाना आदर्श नगर में तरुण गोयल ने एक लिखित शिकायत में बताया कि 13 दिसंबर को आरोपी अजय उर्फ अजू ने पहले फोन पर बात की और फिर रात आरोपी अजय अपने साथियों के साथ शिकायतकर्ता के घर पर आया। उसने कहा कि तेरे बच्चों को मरवा दूंगा और 10 लाख रुपए की मांग की।

# ओपी धनखड़ के बेटे पर हमले के मामले में तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा भाजपा** के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव ओपी धनखड़ के बेटे आशुतोष धनखड़ पर हमला करने वाले 3 आरोपियों को पंचकूला सी आई ए ने गिरफ्तार कर लिया है।
शुरूआती जांच में यह रोड रेज का मामला बताया जा रहा है। जिसमें गाड़ी चलाने के दौरान ही दोनों पक्षों में कोई तकरार हुई। हालांकि अभी पुलिस का कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। हमले के बाद प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज ने पंचकूला जाकर ओपी धनखड़ से मुलाकात की। उन्होंने धनखड़ के घर जाकर पूरी घटना के बारे में जानकारी ली। धनखड़ के बेटे आशुतोष धनखड़ पर पंचकूला में बुधवार रात जानलेवा हमला किया गया था। घर से 200 मीटर के फासले पर ही हमलावरों ने आगे-पीछे गाड़ी लगाकर फिल्मी स्टाइल में उन्हें रोका। जिसके बाद दोनों गाड़ियों से उतरे 5-6 युवकों ने आशुतोष की पिटाई कर दी। बेसबॉल बैट से आशुतोष के सिर पर कई वार किए गए। भीड़ जमा होने पर वारदात के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। हमले के बाद जख्मी हालत में आशुतोष ने तुरंत घर में और पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद ओपी धनखड़ वहां पहुंचे।वह बेटे को पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित सरकारी अस्पताल में लेकर गए। जहां आशुतोष के सिर का सी टी स्कैन और एक्सरे किया गया। धनखड़ करीब डेढ़ घंटे तक बेटे के साथ मौजूद रहे।
हमले का पता चलते ही सी एम के अतिरिक्त प्रधान सचिव साकेत कुमार और सिविल सर्जन डॉ. मुक्ता कुमार के अलावा भारी संख्या में पुलिस फोर्स वहां पहुंच गई। जिसके बाद हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है।
हरियाणा में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके ओपी धनखड़ के बेटे आशुतोष ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे वह अपनी गाड़ी से सेक्टर 12-ए रैली चौक से सेक्टर-14 स्थित घर की ओर जा रहे थे। उन्हें उस वक्त तक किसी तरह के हमले का अंदेशा नहीं था। आशुतोष ने बताया कि जब वे घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर पहुंचे तो एक गाड़ी ने उन्हें ओवरटेक किया। उन्हें लगा कि इसे जाने की जल्दी होगी। तभी एक गाड़ी उनकी कार का पीछा करने लगी। आगे और पीछे वाली हमलावरों की गाड़ी ने उनकी कार को बीच में फंसा लिया। इसके बाद उन्होंने आगे-पीछे अपनी गाड़ियां रोककर उनकी कार को रुकवा लिया। आशुतोष ने बताया कि जब उन्होंने अपनी कार रोकी तो उनकी कार के आगे-पीछे चल रही गाड़ियों से 5-6 हमलावर उतरे।

# विकास योजनाओं पर किया जाएगा कार्य : कृष्ण

**वादा**

**मुख्यमंत्री के धन्यवादी कार्यक्रमों की शुरूआत कालका विधानसभा क्षेत्र से शुरू हो चुकी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि हम जो वादा करते है, उसे पूरा करके दिखाते हैं। प्रदेश में पहले भी विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी है,अब तीसरी बार जनता के आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी है। प्रदेशभर में विधानसभा चुनाव में प्रस्तुत किए गए संकल्प पत्र के अनुसार ही विकास कार्यों को अमली जामा पहनाया जाएगा।
सामाजिक न्याय एवं अधिकारी मंत्री श्री बेदी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी के नेतृत्व में संकल्प पत्र में किए गए संकल्पों के अनुसार ही प्रत्येक विभाग में विकास कार्यों को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गत दिनों मुख्यमंत्री ने मंत्री समूह की और विधायक दल की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा की है। प्रत्येक विभाग की संकल्प पत्र के आधार पर विकास कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत लिस्ट मिली है। उस पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए पहले बजट अलॉट किया गया है, वे सभी लगभग पूर्ण हो चुके हैं।
उन सभी विकास परियोजनाओं को मुख्यमंत्री धन्यवाद दौरों के दौरान जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री के धन्यवादी कार्यक्रमों की शुरूआत कालका विधानसभा क्षेत्र से शुरू हो चुकी है। पहली कड़ी में 11 हलकों में कार्यक्रम होंगे। इसके अंतर्गत 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री नरवाना में धन्यवादी रैली को संबोधित कर नरवाना हल्के को करोड़ों रुपए की कई सौगात देंगे। श्री कृष्ण बेदी ने कहा कि नरवाना हल्के में विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। बाईपास बनवाने के साथ ही सिविल अस्पताल में और बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# विस अध्यक्ष कल्याण ने समझी ई-विधान की बारीकियां

**जागरूक**

**विधान सभा के नेवा सेवा केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, विधायकों को जल्द मिलेंगे लैपटॉप**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधान सभा को पूरी तरह से पेपरलैस करने के लिए बड़े स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। वीरवार को उन्होंने विधान सभा सचिवालय में स्थापित नेवा सेवा केंद्र पहुंच ई-विधान की कार्यप्रणाली की बारीकियां समझीं। कल्याण ने सभी विधायकों को लैपटॉप/टैब और प्रिंटर इत्यादि इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स उपलब्ध करवाने के लिए हारट्रोन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस सिलसिले में उन्होंने हारट्रोन के प्रबंध निदेशक जे गणेशन समेत शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर इस विषय में विस्तृत चर्चा की है। इस बीच, विधान सभा अध्यक्ष ने सभी विधायकों को नेवा कार्यप्रणाली की बारीकियों से अवगत करवाने के लिए प्रशिक्षण की योजना भी बना ली है। यह प्रशिक्षण बजट सत्र से पहले होगा।
विस अध्यक्ष ने वीरवार को नेवा सेवा केंद्र पहुंच ई-विधान एप्लिकेशन प्रणाली की विस्तृत जानकारी हासिल की और नेवा परियोजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए आईटी टीम की सराहना की। उन्होंने दूसरे राज्यों में नेवा क्रियान्वयन की भी जानकारी मांगी है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी राज्यों की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं का अध्ययन करें और अगर वहां हमसे बेहतर प्रयोग हो रहे हो तो उन्हें भी अमल में लाएं। गौरतलब है कि विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बीते 13 दिसंबर को गुजरात विधान सभा पहुंच वहां भी नेवा सेवा केंद्र का मुआयना किया था।

# किसान कालाबाजारी में खरीद रहा है डीएपी खाद: सैलजा



**सरकार को घेरा**

**केंद्र सरकार किसानों के सब्र की परीक्षा ले रही है, उनकी मांग मानने के बजाय कभी लाठी बरसवाती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के सब्र की परीक्षा ले रही है, उनकी मांग मानने के बजाय कभी लाठी बरसवाती है तो कभी पानी की बौछार तो कभी आंसू गैस के गोले दागती है पर देश का अन्नदाता किसान न तो डरेगा और न ही झुकेगा, न हताश है और न ही बेबस है। आज भी किसान डीएपी खाद के संकट से जूझ रहा है, फसलों की बिजाई के लिए उसे यह खाद ब्लैक में खरीदनी पड़ रही है तो दूसरी ओर सरकार एक जनवरी-2025 से डीएपी खाद के दाम और बढ़ाने जा रही है। एक ओर जहां फसलों का लागत मूल्य बढ़ रहा है तो उस हिसाब से किसानों को उसकी फसल का उचित भाव नहीं मिल रहा है।
मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों का आंदोलन आज भी जारी है पर सरकार है कि किसानों की अनदेखी करने में लगी हुई है, वार्ता के नाम पर किसानों के साथ खेल किया जा रहा है। सरकार को किसानों से बातचीत के लिए समय निकालना ही होगा, साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के सब्र की परीक्षा न लें। उन्होंने कहा कि सरकार डीएपी खाद का संकट आज तक दूर नहीं कर पाई है तो दूसरी ओर इस खाद पर कालाबाजारी जारी है, 1&50 वाला डीएपी खाद का बैग किसानों को 1800 रुपये में खरीदना पड़ रहा है। डीएपी की कमी से किसान सरकारी आपूर्ति पर निर्भर हैं, लेकिन इसकी सीमित उपलब्धता के कारण कुछ किसान प्राइवेट मार्केट का सहारा ले रहे हैं। यहां पर डीएपी के दाम आसमान छू रहे हैं। जहां सरकारी दरों पर खाद्य मिलना मुश्किल हो रहा है, वहीं प्राइवेट विक्रेता डीएपी के एक कट्टे के लिए 1800 से 1900 रुपये तक वसूल रहे हैं। इस कालाबाजारी का सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है, क्योंकि ऊंची कीमतों पर खाद खरीदना उनकी जेब पर भारी पड़ रहा है।

**डीएपी की कमी से फसल उत्पादन पर संभावित असर**
डीएपी की कमी का सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ सकता है। समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर बुरा असर पड़ता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
डीएपी की अनुपलब्धता के कारण फसलों की बुवाई प्रक्रिया बाधित हो रही है, जो कि उनकी खेती की आय का प्रमुख स्त्रोत है।

# बिरादरी भवन मॉडल टाऊन में हुआ ध्यान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## सभी साधकों को सहज ध्यान विधि व्यवहारिक रूप से कराई गई

साधना

▶▶ महाविद्यालयों में ध्यान कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.सतपाल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ.अमित पुंज ने बताया कि प्रथम अंतर्राष्ट्रीय दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए आयुष विभाग में कार्यरत सभी योग सहायक एवं योग इंस्ट्रक्टर के लिए सहज योग ध्यान केंद्र, बिरादरी भवन, मॉडल टाउन करनाल में ध्यान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
उन्होंने बताया कि इस शिविर में सभी योग सहायकों एवं योग इंस्ट्रक्टर को उनके कार्यस्थल के नजदीक



विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में ध्यान कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उस क्षेत्र में कार्यरत योग एवं ध्यान क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं के साथ सहभागिता करते हुए कार्यक्रम करने के लिए निर्देश दिए गए।
आज के इस ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहज योग संस्थान से नरेश कुमार ने ध्यान शिविर का आरंभ किया एवं कुण्डलिनी जागरण की साधना को वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक रुप से समझाया कि किस प्रकार मेरुदंड से लेकर हमारे मस्तिष्क तक हमारे सात चक्र स्थित हैं। सबसे पहला चक्र मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा एवं सहस्त्रार चक्र इनमें प्रथम चक्र से होती हुई हमारी कुण्डलिनी शक्ति सहस्त्रार चक्र तक पहुंचकर हमें अपने वास्तविक स्वरूप का दर्शन कराती है। डॉ.सुमन कपिला राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में कार्यरत साईंटिस्ट ने सभी साधकों को सहज ध्यान विधि व्यवहारिक रूप से कराई एवं समझाया कि किस प्रकार सहजता से हम अपनी चेतना में स्थित होकर परमात्मा से जुड़ सकते हैं।
इस अवसर पर कृष्णा धीर, आनंद कुमार, डॉ.सुदर्शना एवम अंगिरा थैरपी केंद्र की संचालिका डॉ.दीपिका भी उपस्थित रही।
डॉ.अमित पुंज ने बताया कि जिला करनाल में योग एवं ध्यान के लिए कार्य कर रही विभिन्न संस्थाएं प्रथम अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस को लेकर पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

# भारत विकास परिषद ने किया कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

सामाजिक

▶▶ भारत विकास परिषद सेवा के मामले में अग्रणीय भूमिका निभा रही है परिषद सामाजिक स्वयंसेवी संस्था है



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भारत विकास परिषद की कृष्ण शाखा द्वारा सेवा भारती अर्जुन गेट में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख शेफाली मखीजा एवं सुनील मदान रहे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर जोगिंद्र मदान ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा के मामले में अग्रणीय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद एक सामाजिक सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है। इसका मकसद भारत के सर्वांगीण विकास के लिए काम करना है। भारत विकास परिषद पूरे भारत में सेवा, संस्कार, शिक्षा के सैकड़ों केंद्र चला रही है। इसके साथ ही यह संस्था दिव्यांगों की सहायता के लिए भी जानी जाती है। छह दशक से यह संस्था अनवरत समाज के निचले वर्ग के बीच काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान सुनील मदान ने बताया कि भारत विकास परिषद सर्दी के मौसम में इस प्रकार के कार्यक्रम पहले भी करती आ रही है। इस अवसर पर अनिल मदान, रीटा मदान, कृष्ण मखीजा, सुरेश हिंदुजा, सुभाष चन्द्र, गगनदीप चावला, हर्षिता, राज अरोड़ा, सोनिया मेहता, डा.अशोक कुमार, विपिन कौशिक और संजय आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मांगों को लेकर सडकों पर उतरी आंगनबाड़ी वर्कर्स



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर यूनियन ने नए पोषण ट्रैकर के विरोध में सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया।
आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और आंगनबाड़ी वर्करों के साथ बातचीत करके ट्रैकर एप में जरूरी सुधार करने की मांग की। इसके अलावा आंगनबाड़ी वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने, न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। जिला सचिवालय में हरियाणा महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सरकार को चेताया कि अगर यूनियन की मांगों की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो आगे उग्र प्रदर्शन होगा। राज्य प्रधान एवं जिला प्रधान रूपा राणा, सचिव बिजनेश व अन्य ने बताया कि हरियाणा महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम जिला उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया है। मंत्री एक महिला है और उन्हें नैतिकता के आधार पर आंगनबाडी वर्कर यूनियन को स्वयं बुलाकर मांगों के बारे में जानना चाहिए था और उसका समाधान करना चाहिए था। इतना ही नहीं हमारी राज्य प्रधान रूपा राणा ने भी मंत्री के पीए को कई बार कॉल किए और आग्रह किया कि हमारे साथ मीटिंग करवा दो, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसलिए हमें आज आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। प्रधान ने अपनी मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि नया पोषण ट्रैकर हमारे लिए जी का जंजाल बना हुआ है। इसको बंद तो नहीं किया जा सकता, लेकिन इसमें सुधार जरूर किया जा सकता है, जिससे आंगनबाड़ी वर्करों को काम करने में सहूलियत हो सके। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरकार ने यूनियन की मांगों को जायज भी ठहराया है, लेकिन मांगों को पूरा तक नहीं किया जा रहा। सरकार की तरफ से आश्वासन दिए जाते है।

### तीन बच्चों को छोडकर मां गायब

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** शहर की एक कॉलोनी से एक महिला संदिग्ध हालात में रात को 10 बजे के बाद से घर से गायब हुई। उस वक्त घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद थे। महिला अपने साथ कीमती गहने, जरूरी दस्तावेज और शादी से जुड़े कागजात ले गई है। उसके पास एक मोबाइल फोन भी था, लेकिन उस मोबाइल के बारे में पति को भी कोई जानकारी नहीं थी। पति को शक है कि उसकी पत्नी किसी के साथ गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। करनाल के रहने वाले एक पति ने बताया कि उनकी पत्नी रात करीब 10 बजे के बाद घर से लापता हुई है। वह तीन बच्चों की मां है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करने पर पता चला कि कैमरे उसी समय बंद हो गए थे। उनमें कोई रिकॉर्डिंग नहीं थी। पति ने बताया कि घर से कई महत्वपूर्ण कागजात, गहने और शादी से संबंधित दस्तावेज भी गायब हैं। पति ने बताया कि उन्होंने अपने लेवल पर सभी जगहों पर अपनी पत्नी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने अपनी पत्नी के माता-पिता और बहनों के घर भी पता किया, लेकिन वहां से भी कोई जानकारी नहीं मिली। इस दौरान बच्चों ने बताया कि उनकी मां के पास एक और मोबाइल फोन था, जिससे वह दूसरों को कॉल करती थी। पति का शक है कि उसकी पत्नी किसी के साथ गई है। उसने पुलिस को अपनी पत्नी के संदिग्ध नंबर भी प्रोवाइड करवाए हैं। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सदर बाजार चौकी के हेड कॉन्स्टेबल प्रमोद कुमार ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पेट्रोल पंप में घुसा बेकाबू ट्रैक्टर,दो मशीनों को तोड़ा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में बेकाबू ट्रैक्टर-ट्राली पेट्रोल पम्प में घुस गया और तेल डालने वाली 2 मशीनों को तोड़ दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। पेट्रोल पंप मालिक ने कहा कि ड्राइवर नशे में लग रहा था।

# हरियाणा के सीएम सात्विक आत्मा : स्वामी रामदेव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** योग गुरु बाबा रामदेव गुरुवार की शाम करनाल पहुंचे। यहां के होटल नूर महल में बाबा रामदेव का हेलीकॉप्टर उतरा, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। बाबा रामदेव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सात्विक आत्मा और नायाब नेता बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य सबका साथ-सबका विकास का उदाहरण है और इसके लिए आदर्श नेतृत्व की जरूरत होती है, जो नायब सिंह सैनी में है। जब योग गुरु से किसानों के आंदोलन पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि चल तो रहा है, ठीक है। इसके बाद उन्होंने इस मुद्दे पर कोई अन्य जवाब नहीं दिया। नूर महल होटल में बाबा रामदेव के आगमन पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और आशीर्वाद लिया।
स्वामी रामदेव ने नूरमहल में पुराने जमाने की एंटीक गाड़ी में सैर करते हुए भी नजर आए। इस दौरान स्वामी रामदेव ने कहा कि आज हम निजी कार्यक्रम में करनाल पहुंचे है। कर्नल मनवीर चौधरी के साथ हमारा प्रेम है, उनको आशीर्वाद देने और मिलने के लिए हम करनाल पहुंचे हैं।

# सदस्यता अभियान को सफल बनाएं कार्यकर्ताः भारत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा के जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने सदस्यता अभियान के निमित्त घरौंडा विधानसभा के घरौंडा और बरसत मंडलों में मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र प्रमुखों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अहम बैठक ली, जिसमें आगामी दो दिनों में घर-घर जाकर आमजन को पार्टी सदस्य बनाने का अभियान चलाकर लक्ष्य प्राप्ति का आह्वान किया।
उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा देशभर में सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है। इसको लेकर बड़े से बड़े नेता व बूथ स्तर के कार्यकर्ता भाजपा सदस्यता अभियान में अपनी रुचि दिखाते हुए धरातल पर कार्य कर



रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसा राजनीतिक दल है, जो सरकारी योजनाओं से लेकर संगठन के कार्य को धरातल स्तर पर करता है। जिसके परिणाम स्वरूप आज विश्वभर में भाजपा नंबर वन पर है। उन्होंने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक भी की तथा अभियान को सफल बनाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने विशेष कर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में अपनी पूरी रुचि लें और इसे सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि हम सबने मिलकर पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में निरंतर विकास की नई उंचाइयों को छू रहा है। देश व प्रदेश निरंतर इसी गति के साथ आगे बढ़ें, यही हम सबका संकल्प है। इसी संकल्प के साथ भारत देश 2047 तक विकसित देश होगा। विशेष रूप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील गोयल, सदस्यता प्रमुख निर्मला बैरागी तथा दोनों मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप व नरेश कैमला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक को टक्कर, शुगर मिल कर्मचारी की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के बूटान खेड़ी गांव के पास सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति अपनी ड्यूटी से घर.लौट रहा था। तेज रफ्तार एक कार ने व्यक्ति की बाइक को सामने से टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में लगी गंभीर चोटों के कारण बाइक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक का इकलौता बेटा है वो अभी विदेश में है। वहीं आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया।
मृतक की पहचान बीबीपुर जाटान निवासी 55 वर्षीय ओम प्रकाश के रूप में हुई है। वह भादसों शुगर मिल में काम करता था। मृतक के भाई कुलवंत ने बताया कि ओम प्रकाश 18 दिसंबर की देर शाम शुगर मिल से बाइक पर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक बूटानखेड़ी गांव के पास पहुंची तो रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली खड़ी हुई थी। जैसे ही उसने ट्राली के पीछे से अपनी बाइक को ओवरटेक किया तो सामने से आ रही कार ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी।
हादसा इतना भयंकर था कि ओम प्रकाश बाइक से नीचे सडक पर जान गिरा। हादसा होते देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। हादसे में ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इंद्री थाना के प्रभारी श्रीभगवान ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

# ट्रक की टक्कर से जिम ट्रेनर की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक की सगाई हो चुकी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। दो महीने बाद उसकी शादी होनी थी। यह हादसा करनाल के काछवा रोड पर हुआ। मृतक की पहचान 26 वर्षीय चरणजीत के रूप में हुई है। वह करनाल में जिम ट्रेनर था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# तपन रिहैबिलिटेशन सैंटर में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन



शिविर

▶▶ प्राधिकरण द्वारा वीरवार को तपन रिहैबिलिटेशन सैंटर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में मानसिक रूप से विकलांग व बच्चों के लिए लांच किए गए कैम्पेन के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को तपन रिहैबिलिटेशन सैंटर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने वहां उपस्थित बच्चों से इंटरप्रिटर की मदद से बातचीत की और उनके अधिकारों से अवगत करवाया। तपन रिहैबिलिटेशन सैंटर के बच्चों ने पोस्टर मेकिंग में भाग लिया। सीजेएम इरम हसन ने पोस्टर मेकिंग में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशंसा पत्र व उपहार प्रदान किए और सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट प्रदान की। इस मौके पर तपन रिहैबिलिटेशन सैंटर इंचार्ज डॉ. सुजाता व अन्य स्टाफ भी उपस्थित था। सीजेएम इरम हसन ने वीरवार को सब डिवीजन इन्द्री की अदालतों का निरीक्षण किया। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी से बातचीत की और कानूनी सेवाओं को जन हित में प्रसारित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के हितों के लिए 'विधान ही समाधान' के अंतर्गत बीडीपीओ ऑफिस, इन्द्री में महिलाओं के लिए वीरवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# समाधान शिविर में शिकायतों का किया जा रहा मौके पर निपटारा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।



समाधान शिविर में उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि वीरवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में पांच शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से दो शिकायतों का समाधान कर दिया गया, जबकि तीन शिकायतें लंबित हैं। उपमंडल घरौंडा में तीन शिकायतें प्राप्त हुई, जो लंबित हैं। उपमंडल असंध में एक शिकायत प्राप्त हुई जिसका समाधान कर दिया गया। वहीं उपमंडल नीलोखेड़ी व इंद्री में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई ।

# 26 को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सभी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचेः योगेंद्र

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** असंध विधायक योगेंद्र राणा ने गुरुवार को अनाज मंडी में असंध शहर की समस्त सामाजिक संस्थाओं, व्यापार मंडल व आढ़तियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सभी का विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया।
विधायक योगेंद्र राणा ने सभी उपस्थितजनों का लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को दिए अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। वहां की हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं,



जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी और असंध के विकास में कोई कमी नहीं रहने देगी। अब असंध हल्के में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने व्यापार मंडल एवं आढ़तियों और आमजन की भी समस्याएं सुनी।
उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी 26 दिसंबर को नई अनाज मंडी असंध में आयेंगे। इसके लिए उन्होंने सभी को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने वहां उपस्थित समस्त जनशक्ति से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर असंध विधानसभा क्षेत्र के लंबित विकास कार्यों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।

# बदमाशों ने जेल से बाहर आए युवक की ओवरटेक कर किया हमला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में एक युवक पर जेल से बाहर आने के अगले ही दिन हमला हो गया। 5 बदमाशों ने रास्ते में उसकी कार घेर ली। उस वक्त कार में उसके 4 दोस्त भी थे। जब वे जान बचाने के लिए भागे तो हमलावरों ने पीछा कर गोलियां चलाई। हमलावरों से बचने के लिए वे किसी अनजान व्यक्ति के घर में छुप गए। स्थानीय हांसी रोड पर बीती आधी रात हुई वारदात की शिकायत मिलते ही करनाल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके से एक जिंदा कारतूस मिला है। पुलिस ने सीसीटीवी खंगालकर मामले की जांच शुरू कर दी है। करनाल के रामनगर के रहने वाले ध्रुव ने बताया कि बुधवार की आधी रात को वह अपने दोस्त



राहुल के साथ कार से जा रहा था। राहुल एक दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। कार में उनके साथ शुभम और रवि भी थे। हांसी रोड पर अचानक एक कार ने उनकी कार को ओवरटेक कर रोक लिया। इसके बाद कार में से प्रवीण उर्फ कतलू, शुभम उर्फ पंच, नानू, रजत उर्फ वट्टा और सागर समेत अन्य लोग उतरे। प्रवीण ने नीचे उतरते ही कार पर हमला किया, जबकि अन्य लोग भी उसके पीछे-पीछे आए। अचानक हुए हमले के बाद उन्होंने कार दौड़ा ली। इसके बाद आरोपियों ने भी कार व एक्टिवा लेकर उनका पीछा शुरू कर दिया। करीब 150 मीटर तक वह पीछे आए और उनकी कार पर फायरिंग कर दी। हमलावरों ने 2 गोलियां चलाई। जान खतरे में देख चारों दोस्त कार किनारे खड़ी कर एक अनजान घर में घुस गए, जिससे हमलावरों को उसके बारे में पता नहीं चला।
आरोपियों की फायरिंग की वजह से आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों की भीड़ जमा होने लगी तो हमलावर वहां से भाग निकले। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद डीएसपी सोनू नरवाल पुलिस और एफएसएल की टीमें मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।
हमले में बाल-बाल बचे हांसी रोड के रहने वाले राहुल पंडित ने बताया कि यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ है। जिस प्रवीण ने हम पर हमला किया, उसी ने 26 जनवरी को कर्ण गेट पर ध्रुव के भाई दीपक पर भी हमला किया था, जिसके बदले में उन्होंने मई महीने में घरौंडा में प्रवीण की पिटाई की थी। इस मामले में क्रॉस केस चल रहा है। मैं इस मामले में जेल में था और 16 दिसंबर को जेल से बाहर आया। मैं, ध्रुव, रवि और शुभम कार में थे और आज आरोपियों ने फील्डिंग लगाकर हम पर हमला कर दिया।

हमला

▶▶ जिले में एक युवक पर जेल से बाहर आने के अगले ही दिन हमला हो गया, हमलावरों ने पीछा कर गोलियां चलाई

संपादकीय

# राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और राष्ट्रवाद राष्ट्रीय

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे' वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं।

# एक लड़ाई महिलाओं के हक के लिए



-अमरपाल सिंह वर्मा-

"का भी सामना करना पड़ता है। एकल महिलाओं का यह ऐसा वर्ग है. जो परिस्थितियों का शिकार है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे समाज में महिलाओं की पहचान को पुरुषों के साथ जोड़ दिया गया है। अकेली, अविवाहित रहने वाली महिलाओं को सकारात्मक रूप में नहीं देखा जाता है। अक्सर उनके चरित्र पर लांछन लगाए जाते हैं। समाज में एकल महिला के प्रति जिस तरह का नकारात्मक माहौल है, वह एकल पुरुष प्रति नजर नहीं आता है। एक ओर सरकारें एकल महिलाओं के कल्याण की योजनाएं चलाने के दावे करती हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें अविवाहित होने की वजह से जॉब से वंचित किया जा रहा है। मधु का संघर्ष ऐसे ही भेदभाव और अन्याय के खिलाफ है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए।"

**राजस्थान की** एक बेटी मधु चारण महिलाओं के प्रति सरकारी स्तर पर हो रहे भेदभाव के खिलाफ लड़ रही है। कई दशकों से राजस्थान में अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता और सहायिका बनने से वंचित किया जा रहा था। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन पदों के लिए आवेदन कर्ता महिलाओं के विवाहित होना जरूरी होने की शर्त जरूरी कर रखी थी। अविवाहित महिलाएं इसके लिए आवेदन ही नहीं कर सकती थीं। मधु ने इस भेदभाव के खिलाफ राजस्थान हाई कोर्ट में लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और जीती लेकिन सरकारी विभाग अभी भी शर्तें लगा रहा है।

बालोतरा जिले के गूगड़ी गांव में वर्ष 2019 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए तो मधु ने भी आवेदन किया मगर उसे काम देने से यह कह कर इनकार कर दिया गया कि उसकी अभी शादी नहीं हुई है। इस पर मधु ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। करीब पांच साल चली कानूनी लड़ाई के बाद राजस्थान हाई कोर्ट ने 4 सितंबर 2023 को मधु के पक्ष में फैसला दिया। हाई कोर्ट ने इस फैसले में महिलाओं के विवाहित होने की शर्त को अविवाहित महिला उम्मीदवारों के लिए अतार्किक और उनके अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दे दिया। हालांकि सरकार की ओर से हाई कोर्ट में यह तर्क दिया गया कि अविवाहित लडकी को आंगनबाड़ी केन्द्र में नियुक्त कर दिया जाए तो विवाह के बाद वह कहीं और चली जाएगी जिससे आंगनबाड़ी केंद्र का काम बाधित हो जाएगा लेकिन कोर्ट ने इस तर्क को नहीं माना। हाई कोर्ट ने फैसले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि ह्यह्यराजस्थान सरकार ने अविवाहित महिला और विवाहित महिला के बीच भेदभाव का नया अध्याय शुरू किया है. जो अवैध और मनमाना है। सार्वजनिक रोजगार के लिए अविवाहित उम्मीदवार होने मात्र से उसे अपात्र मानना अतार्किक है। यह भेदभावपूर्ण है और संविधान के दिए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने की श्रेणी में आता है।ऌऌ

**अब विभाग विभाग कोर्ट के फैसले की पालना में मधु को बतौर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति देने को तैयार है मगर उन्हें उपरोक्तानुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है। मधु को यह शपथ पत्र देना मंजूर नहीं है**

महिला एवं बाल विकास विभाग कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील करना चाहता था क्योंकि राजकीय अधिवक्ता ने अपील करने की सलाह दी थी। विभाग अपील कर भी देता लेकिन उससे पहले यह मामला राज्य की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के संज्ञान में आ गया। उप मुख्यमंत्री ने हाई कोर्ट के आदेश की पालना कर अविवाहित महिलाओं को काम पर रखने के निर्देश दिए। इस पर सरकार ने 28 फरवरी 2024 को राज्य में अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका बनने के नियम एवं चयन शर्तों में संशोधन कीमंजूरी दे दी। इस पर विभाग द्वारा चयन शर्तों में संशोधन कर दिया गया, जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पदों के लिए आवेदन करने के लिए सभी महिलाएं पात्र हो गईं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस जीत के बावजूद मधु और उस जैसी हजारों महिलाओं का संघर्ष अभी भी थमा नहीं है।

दरअसल, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अविवाहित महिलाओं को कोर्ट के फैसले के तहत पात्र तो मान लिया लेकिन एक नई शर्त लगा दी है। विभाग महिलाओं से एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए कह रहा है, जिसमें लिखा गया है कि अगर भविष्य में विवाह अथवा अन्य कारण से महिला संबंधित गांव की निवासी नहीं रहेगी तो वह स्वतः ही मानदेय सेवा से इस्तीफा दे देगी और उसकी मानदेय सेवा समाप्त मानी जाएगी।

अब विभाग विभाग कोर्ट के फैसले की पालना में मधु को बतौर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति देने को तैयार है मगर उन्हें उपरोक्तानुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है। मधु को यह शपथ पत्र देना मंजूर नहीं है। मधु का कहना है कि महिला एवं बाल विभाग का इरादा राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय की पालना करने का प्रतीत नहीं होता है। इसलिए मुझे यह शपथ पत्र और इस पर हस्ताक्षर करना स्वीकार नहीं है। विभाग का रवैया महिला विरोधी है। मैं इसके खिलाफ संघर्ष जारी रखूंगी।

मधु ने इस नई शर्त के बारे में राज्य सरकार एवं महिला एवं बाल विभाग से सवाल किया है। मधु ने विभाग को भेजे पत्र में कहा है कि जब किसी भी सरकारी विभाग में पुरुषों को मानदेय या संविदा पर काम देते समय ऐसी शर्त नहीं लगाई जाती है तो महिलाओं पर क्यों लगाई जा रही है?

यह सवाल अकेली मधु का नहीं है, बल्कि राज्य की हजारों महिलाओं का है जिन्हें कई सालों से सिर्फ इसलिए जॉब से वंचित किया जा रहा है कि उनका विवाह नहीं हुआ है। शपथ पत्र का प्रारूप एक तरह से नई शर्त लगाने जैसा है।

राजस्थान समेत देश में ऐसी एकल महिलाओं की तादाद बहुत बड़ी है, जो समाज की उपेक्षा और सामाजिक सांस्कृतिक कारणों से एकांकी जीवन बिता रही हैं। किसी परिस्थितिवश शादी न करने, बीमारी या विकलांगता के कारण विवाह न हो पाने आदि कारणों से अनेक महिलाएं अविवाहित जीवन बिताने पर मजबूर हैं। जनगणना के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2001 से 2011 के बीच भारत में एकल महिलाओं की संख्या में 30 फीसदी वृद्धि हुई है। भारत में सात करोड़ महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने या तो शादी नहीं की या फिर तलाकशुदा, विधवा के रूप में जिंदगी बिता रही हैं। यह संख्या हमारे देश की आबादी का 12 फीसदी है। राष्ट्रीय फोरम फॉर सिंगल वुमेन राइट्स (एनएफएसडब्लूआर) द्वारा राजस्थान समेत सात राज्यों में किए गए एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण के मुकाबले उत्तर भारत के राज्यों में एकल महिलाओं की स्थिति ज्यादा खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में एकल महिलाओं को लगातार सामाजिक पूर्वाग्रहों से जूझना पड़ता है और अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ता है। अकेली हिलाएं न केवल शारीरिक और वित्तीय असुरक्षा की शिकार होती हैं, बल्कि उन्हें अक्सर खुलेआम भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है।

एकल महिलाओं का यह ऐसा वर्ग है. जो परिस्थितियों का शिकार है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे समाज में महिलाओं की पहचान को पुरुषों के साथ जोड़ दिया गया है। अकेली, अविवाहित रहने वाली महिलाओं को सकारात्मक रूप में नहीं देखा जाता है। अक्सर उनके चरित्र पर लांछन लगाए जाते हैं। समाज में एकल महिला के प्रति जिस तरह का नकारात्मक माहौल है, वह एकल पुरुष प्रति नजर नहीं आता है। एक ओर सरकारें एकल महिलाओं के कल्याण की योजनाएं चलाने के दावे करती हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें अविवाहित होने की वजह से जॉब से वंचित किया जा रहा है। मधु का संघर्ष ऐसे ही भेदभाव और अन्याय के खिलाफ है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए।

(लेखक लाडली मीडिया फेलो हैं और इस लेख में व्यक्त किए गए विचार और मत उनके अपने हैं। लाडली और यूएनएफपीए इन विचारों का अनिवार्य रूप से समर्थन नहीं करते हैं।)

## कविता

**प्रभु साथ दो मेरा'**

प्रभु साथ दो मेरा'
जहां भी हो अंधेरा
राह में सत्य की
सदैव साथ हो तेरा'

जहां लोभ का डेरा
पथ में न्याय के
चलूं मैं अकेला
प्रभु साथ दो मेरा'

वासना के प्रबल
आंधी तूफान मचल-मचल
सदैव करते मुझे निर्बल
प्रभु साथ दो मेरा।

रोता है मन मेरा
शिशु सा भोला, निर्मल
पानें को बार-बार
मां की ममता अपार।

प्रभु लगा दो पार
नाव पड़ी मझधार
हर सांस के संग मेरी
प्रभु कृपा हो तेरी।

प्रभु साथ दो मेरा
जहां से चलूं अकेला
आशाओं से भरा सवेरा
समर्पित दिन सारा मेरा।

संजीव
---------

## दहेज कानून के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक की जरूरत

**रोहित माहेश्वरी**

**दहेज प्रथा हमा**रे समाज की एक पुरानी परंपरा है, जिसने समय के साथ कई रूप धारण किए हैं। पहले, यह एक ऐसी प्रथा थी जिसमें वर पक्ष को विवाह के समय वधू के परिजनों से आर्थिक, भौतिक या अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त होती थी। इसे एक सामाजिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज यह प्रथा एक गंभीर समस्या बन गई है। आजकल, दहेज कानून का दुरुपयोग महिलाओं के लिए एक बड़ा हथियार बन गया है। यह एक ऐसा विषय है जिसने समाज को दो हिस्सों में बांट दिया है। एक ओर, जहां दहेज के कारण कई महिलाएं अपने जीवन को संकट में डाल देती हैं, वहीं दूसरी ओर, कई पुरुष इस प्रथा के झूठे मामलों में फंसकर अपनी जान तक गंवा देते हैं।

ताजा प्रकरण बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की खुदकुशी का है। अतुल की खुदकुशी से सोशल मीडिया पर जबरदस्त आक्रोश है। सुभाष ने पत्नी के कथित उत्पीड़न से आजिज आकर जान दे दी। उनके खिलाफ पत्नी ने दहेज उत्पीड़न, हत्या समेत 9 केस दर्ज करा रखे थे। सुभाष ने खुद को बेगुनाह बताते हुए 24 पन्ने का सुसाइड नोट और 80 मिनट के रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में पत्नी के अत्याचारों को बयां किया था। उनका लिखा नोट और वीडियो के क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हैं। संयोग से जिस दिन 11 दिसम्बर को वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ उसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न से जुड़े कानून पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों की सुनवाई में अदालतों को सावधानी बरतनी चाहिए। पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि वैवाहिक विवाद से पैदा हुए आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का जिक्र शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए।

देश में महिलाओं को संरक्षण व सुरक्षा देने के लिए हमारे यहां कई कानूनी प्रावधान किए गए हैं। इसमें संदेह नहीं कि ये कानूनी सुरक्षा कवच महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन जब ऐसे ही किसी सुरक्षा कवच का दुरुपयोग होता दिखे तो चिंता होना स्वाभाविक है। बेंगलूरु के एक आईटी पेशेवर की आत्महत्या से जुड़ा मामला इन दिनों चर्चा में है क्योंकि उसने जो सुसाइड नोट छोड़ा है, उसमें अपनी अलग रह रही पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इस प्रकरण के बीच ही दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतों को दहेज उत्पीड? के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए।

## विचार

# असमानता और अन्याय को दूर करने की औषधि

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**धर्मनिरपेक्ष नागरिक** संहिता, जिसे समान नागरिक संहिता के रूप में भी जाना जाता है, सभी नागरिकों के लिए, चाहे उनकी धार्मिक सम्बद्धता कुछ भी हो, व्यक्तिगत मामलों-जैसे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकार-को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक ही सेट प्रस्तावित करती है। भारत वर्तमान में हिंदू कानून, मुस्लिम कानून (शरिया) और ईसाई कानून सहित धर्म पर आधारित कई व्यक्तिगत कानूनों के तहत काम करता है। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता का उद्देश्य इन विविध कानूनी प्रणालियों को एक समान संहिता से बदलना है जो सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो। इसका लक्ष्य विभिन्न समुदायों में और उनके भीतर कानूनी एकरूपता प्राप्त करना है, जिससे पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लिखित राज्य नीतियों के निर्देशक सिद्धांत में यह प्रावधान है कि "राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।" हालाँकि, एक निर्देशक सिद्धांत होने के कारण, यह न्यायोचित नहीं है। समान नागरिक संहिता उदार विचारधारा से जुड़ी है और उदार-बौद्धिक सिद्धांतों के अंतर्गत आती है। अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (भेदभाव का निषेध) और 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के अंतर्निहित सिद्धांतों का समर्थन करते हैं। भारत में वर्तमान में पूरे देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू नहीं है। इसके बजाय, अलग-अलग समुदायों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मुद्दों को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धर्म के अनुसार अलग-अलग होते हैं। प्रधानमंत्री ने एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत की है, जो डॉ. अंबेडकर के एकीकृत कानूनी ढांचे के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करती है। इस आह्वान का उद्देश्य मौजूदा कानूनों के कथित सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण पहलुओं को सम्बोधित करना और कानूनी प्रणाली को एकीकृत करना है। सुप्रीम कोर्ट ने देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने वाले कानूनों को खत्म करने के लिए एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर दिया है। हिंदू कोड बिल सिखों, जैनियों और बौद्धों सहित हिंदुओं के लिए व्यक्तिगत कानूनों को संहिताबद्ध और एकीकृत करने के लिए पेश किया गया। गोवा में गोवा सिविल कोड (पुर्तगाली सिविल कोड 1867) के तहत एक समान नागरिक संहिता है, जो धर्म या जातीयता की परवाह किए बिना सभी गोवावासियों पर समान रूप से लागू होती है। उत्तराखंड ने हाल ही में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया है, जो अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सभी निवासियों पर लागू विवाह, तलाक और विरासत जैसे मामलों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करता है। समान नागरिक संहिता असमानता को बनाए रखने वाले पुराने व्यक्तिगत कानूनों को हटाकर धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखेगी। यह सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी उपचार सुनिश्चित करता है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, एक एकीकृत कानूनी ढांचे को बढ़ावा देता है जो राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। समान नागरिक संहिता व्यक्तिगत कानूनों में निहित भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करेगी, विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करने वाली प्रथाओं को। नागरिक कानूनों को मानकीकृत करके, यह सभी के लिए समान अधिकारों और सुरक्षा की गारंटी देगा, सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाएगा। यहाँ तक कि एक धर्म के भीतर भी, इसके सभी सदस्यों को नियंत्रित करने वाला एक भी सामान्य व्यक्तिगत कानून नहीं है। उदाहरण के लिए, मुसलमानों के बीच विवाह के पंजीकरण के लिए, कानून जगह-जगह अलग-अलग होते हैं। समान नागरिक संहिता विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे नागरिक मामलों पर केंद्रित है, जिसमें धार्मिक प्रथाओं को अछूता रखा गया है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# हंगामा है क्यों बरपा थोड़ा सा जो बहके हैं

**राकेश अचल**

**देश केंद्रीय** गृहमंत्री माननीय अमितशाह द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के बारे में की गयी कथित टिप्पणी को लेकर खामखां परेशान है, शाह का इस्तीफा मांग रहा है। अरे देश को तो खासतौर पार आंबेडकर वादियों को तो अमितशाह और उनकी सरकार की जय-जय करना चाहिए ,की उन्होंने जितना डॉ भीमव आंबेडकर के लिए किया उतना देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने नहीं किया। हमारे अमित भाई तो सपने में भी डॉ आम्बेडकर का अपमान नहीं कर सकते । वे तो डॉ आंबेडकर को मोदी से बड़ा नेता मानते हैं शायद !

संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर को न मैंने देखा है और न माननीय अमित शाह साहब न। जब मैंने नहीं देखा तो शाह साहब डॉ अम्बेडकर को कैसे देख सकते है। वे मुझसे पांच साल छोटे हैं और डॉ अम्बेडकर हमारे जन्म से तीन साल पहले ही दिवंगत हो गए थे । शाह साहब तो डॉ आंबेडकर के निधन के 8 या 9 साल बाद इस धराधाम पर आये। उन्हें डॉ अम्वेडकर के बारे में उतना ही ज्ञान है जितना संघ की शाखाओ में प्रबोधनों के जरिये उन्हें मिला। फिर भी मुझे यकीन है कि उन्होंने डॉ आंबेडकर के बारे में कम से कम मुझसे तो ज्यादा पढ़ा ही होगा। तभी तो वे डॉ अम्बेदककार का नाम संसद में बार-बार लिए जाने से भड़क गए। हकीकत ये है कि अमित साह साहब के कानों को केवल मोदी-मोदी की मंगल ध्वनि सुनने की आदत है इसलिए वे कोई दूसरानाम सुन ही नहीं सकते । बर्दाश्त कर ही नहीं सकते, इसीलिए जब बार-बार डॉ अम्बेडकर का नाम लिया गया तो उनके सब्र का बांध टूट गया और वे कह बैठे की -' 'अभी एक फैशन हो गया है. अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता है.' अमित शाह साहब ने ये शब्द गुस्से में कहे या प्रेम से कहे इसका तो हमें पता नहीं लेकिन जब उनका ये कथन वायरल हुआ और देशव्यापी प्रतिक्रियाएं आने लग्न तो पूरी भाजपा के अधोवस्त्र पीतांबर होने लगे। बेचारी पीआईबी फैक्ट चेक को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमित शाह के भाषण का क्लिप्ड और फुल वीडियो शेयर करना पड़ा।

## तिजोरी में ताले, जेब में अजनबी हवाले

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**किसी ने ठी**क ही कहा है, "रुपया वह रानी है, जो महाराज को उसकी मर्जी से नचाती है।" अब यह कहानी उस रानी और उसके अजीबो-गरीब दरबारियों की है, जो एक छोटे से गाँव के सबसे बड़े व्यापारी, कन्हैया लाल की है। कन्हैया लाल, नाम से तो बड़े धनपति मालूम होते थे, लेकिन असलियत में वो एक ऐसे आदमी थे, जिनके बैंक अकाउंट में हमेशा से दो शून्य ज्यादा होते थे–कभी तकदीर के, कभी झूठे अहंकार के! एक दिन कन्हैया लाल को याद आया कि उन्हें अपनी दुकान के नए शटर पर रंग कराना है। लेकिन पुराने ह्यशटरऌ की हालत देखकर यह तय हुआ कि इस काम के लिए भी उधारी का ही सहारा लिया जाएगा। कन्हैया लाल ने सबसे पहले अपने पुराने दोस्त माखनलाल से संपर्क किया, जो गांव में प्रसिद्ध था उधारी बैंक के नाम से। माखनलाल ने मस्त बात कहते, भैया, अगर उधारी का कोई स्कूल होता, तो मैं इसका प्रिंसिपल होता! कन्हैया लाल को आज इसी पाठशाला में दाखिला लेना है। कहा - मुझे रंगीन शटर चाहिए, लेकिन इसके लिए तुमसे थोड़ी उधारी की जरूरत है। माखनलाल हंसते हुए बोला, ह्लअरे, रंग तो तुम्हारे शटर का होगा, लेकिन अगर शटर टूटेगा तो तुम मुझे तो जिम्मेदार नहीं ठहराओगे, न? भाभी को बताओगे तो उधारी की नफरत और बढ़ जाएगी। बेशक उधारी से कुछ हासिल होता है, लेकिन कई बार बदनामी भी मिलती है, जैसे हमारी सरकार को मिलती है!

उधारी की खुमारी में डूबे कन्हैया लाल ने समझा, तो क्या हुआ, माखनलाल? बिना उधारी के तो हर काम अधूरा ही रहेगा। कन्हैया लाल ने माखनलाल से उधारी लेकर शटर रंगवाया, लेकिन अब समस्या यह थी कि उधारी वापस कैसे चुकाई जाए। कन्हैया लाल ने सोचा, "अगर माखनलाल को सच में उधारी के पैसे देना पड़े, तो उसके लिए कुछ बड़ा करना पड़ेगा।" यही सोचते हुए उन्होंने अपने पड़ोसी बबलू भैया से संपर्क किया, जो हमेशा नए-नए जुगाड़ों के लिए मशहूर थे। बबलू भैया ने कहा, कन्हैया भाई, तुमने मुझसे उधारी के बारे में पूछा था, लेकिन देखो! मुझे बाइक खरीदनी है, तो क्या तुम फाइनेंस कर सकते।

## न्यूज फ्लैश

### पोलेंड भेजने के नाम पर मजदूर से ठगे 4 लाख 94 हजार

**गन्नौर।** विदेश भेजने के नाम पर पुरखास राठी गांव के एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुरखास राठी गांव के नवीन का आरोप है कि अफसर निवासी कैराना, उत्तरप्रदेश और अनीश निवासी पटियाला, पंजाब ने विदेश भेजने के नाम पर उससे लाखों रुपये ठगे। नवीन ने बताया कि आरोपितों ने उसे पोलैंड भेजने का झांसा देकर कुल 5 लाख रुपये वसूले। पीड़ित नवीन ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में नवीन ने बताया कि मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसकी अफसर के साथ काफी दिनों से दोस्ती थी। उसका विदेश में आना-जाना रहता है। अफसर ने उसे भी पोलेंड भेजने का झांसा दिया। उसने बताया कि उसका जानकार अनीश लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। इस पर उसने अफसर को 1 लाख 50 हजार रुपये दिए। इसके बाद अनीश ने उसे अलग-अलग किस्तों में 3 लाख 44 हजार रुपये लिए। रुपये लेने के बाद आरोपितों ने उसे नकली टिकट और वीजा देकर पोलैंड भेजने की बजाय दुबई भेज दिया। दुबई में रहने के दौरान उसे आर्थिक संकट झेलना पड़ा और वह मजबूरी में भारत लौट आया। नवीन का आरोप है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बली कुतुबपुर में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**गन्नौर।** गांव बली कुतुबपुर में वीरवार को भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू किया। इस मौके पर पुरखास मंडल अध्यक्ष संजय गौतम ने उन्हें भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया। कार्यक्रम के दौरान नेहरा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में प्रदेशभर में सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रभावी कार्यशैली के चलते हरियाणा के लोग भाजपा से लगातार जुड़ रहे हैं, जिससे सदस्यता अभियान को जोरदार समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुखबीर प्रजापति, आईटी सेल प्रमुख राजेश राणा, रणबीर पंवार, प्रेम सिंह सरोहा, हरिचंद जागंडा, जीतेंद्र सरोहा, सतपाल पंवार, जगबीर नेहरा आदि मौजूद रहे।

### ओम शांति शिक्षा सदन में कविता एवं भाषण प्रतियोगिता में दिख्खई प्रतिभा




**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नाथूपुर में कविता वाचन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा छठीं से आठवीं के प्रत्येक सदन से पांच विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नैना ने प्रथम स्थान, पाखी व अभिनव ने द्वितीय स्थान तथा वैभव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में जतिन तथा तनिक ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने विजेताओं को पुरस्कृत करके उत्साहवर्धन किया गया।

# रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन बाल विकास विभाग मंत्री को सौंपा

### सुबह 11 बजे सैकड़ो की संख्या में वर्कर्स एवं हेल्पर उपायुक्त कार्यालय सोनीपत धरना स्थल पर इकट्ठा हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मजदूर संगठन सीटू से सम्बंधित आंगनवाड़ी वर्कर्स हैल्पर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर राज्य भर में जिला हैडक्वाटरों पर रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन बाल विकास विभाग मंत्री हरियाणा के नाम भेजे हैं। उसी कड़ी में सोनीपत जिला में अपनी मांगों का ज्ञापन अतिरिक्त उपायुक्त सोनीपत एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सोनीपत के माध्यम से बाल विकास विभाग मंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। सुबह 11 बजे सैकड़ो की संख्या में वर्कर्स एवं हेल्पर उपायुक्त कार्यालय सोनीपत धरना स्थल पर इकट्ठा हुई और धरना दिया गया एवं सभा का आयोजन किया गया। प्रदर्शनकारी धरना स्थल से रोष प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय



सोनीपत पर पहुंचकर ज्ञापन दिया। कोर्ट के अंदर से होते हुए वकीलों के चैंबरों के अंदर से, पुलिस लाइन के सामने से जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग सोनीपत कार्यालय पर पहुंचकर कार्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों का ज्ञापन सोपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन की प्रधान उषा रानी, कोषाध्यक्ष कविता दहीया , सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा एवं पूर्व राज्य अध्यक्ष सीटू कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी कर रहे थे। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों के समर्थन में और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ गगन भेदी नारे लगा रहे थे। नारों की आवाज से मिनी सचिवालय, कोर्ट परिसर, कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय , एडीसी कार्यालय गूंज रहे थे।

मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि नया पोषण ट्रैक्टर में काम करने में बहुत सारी परेशानियां आ रही है इस पोषण ट्रैक्टर में काम करना किसी भी सूरत में संभव नहीं है नए पोषण ट्रैकर ऐप को तुरंत बंद किया जाए, हड़ताल के दौरान बर्खास्त वर्कर्स व हेल्परों का मानदेय तुरंत प्रभाव से डाला जाए, जिन जिलों ने अभी तक उक्त भुगतान नहीं किया है उन्हें तुरंत निर्देश दिए जाएं, ज्यादातर जिलों में हड़ताल के दौरान बर्खास्त वर्कर्स हेल्पर का मानदेय डाल दिया गया है, लेकिन सोनीपत जिला में अभी तक नहीं डाला गया है जिसे तुरंत डाला जाए, गुड़गांव व दादरी जिलों में आंदोलन के दौरान बने मुकदमे रद्द किए जाएं।

## राजकीय स्कूल से इन्वर्टर, बैटरी, बर्तन व अन्य कागजात चोरी



**टीम एक्शन इडिया**
**गन्नौर।** गांव पांची जाटान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यायल से चोर इन्वर्टर, बैटरी, बर्तन व अन्य कागजात चोरी कर ले गए। स्कूल स्टाफ जब स्कूल पहुंचा तो उन्हें चोरी का पता चला। स्कूल प्रधानाचार्य ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। जिसमें प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि वह वीरवार को स्कूंल पहुंचे तो स्कूल के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। जब उन्होंने सामान जांचा स्कूल से इन्वर्टर, 2 नई बैटरी, 2 पुरानी बैटरी, 1 गेस सिलेंडर, बर्तन, कूकर व अन्य कागजात गायब थे।

## बिना खर्ची, बिना पर्ची के युवाओं को मिल रही नौकरियां : घनश्याम

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: भाजपा के** सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को नौकरियां मिल रही है। गुरुवार को बिना खर्ची और बिना पर्ची के टीजीटी साइंस की मेरिट के आधार पर हुई नवनियुक्त अध्यापिका नेहा, कोमल और दिव्या सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के कार्यालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करने पहुंची।

## सरकार ने दी बारना व रतन डेरा को 71 लाख राशि की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने थानेसर हल्का के गांव बारना व गांव रतन डेरा के लोगों को करीब 71 लाख रुपए की राशि की सौगात दी है। पूर्व राज्यमंत्री वीरवार को गांव बारना व गांव रतन डेरा में 71 लाख रुपए की सौगात देने उपरांत ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले बारना गांव के सरपंच संजीव शर्मा ने गांव में पहुंचने पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का स्वागत किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस राशि से गांव बारना में 16 लाख रुपए की लागत से गुरु गोरखनाथ का हाल, 21 लाख रुपए की लागत राशि से



महादेव मंदिर में हाल का निर्माण तथा गांव बारना में ही 16 लाख की लागत राशि से बाबा मस्तगिरी हाल का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा गांव रतन डेरा में 18 लाख रुपए की लागत से कश्यप चौपाल का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बागडोर संभालने के बाद लगातार 24 घंटे लोगों की सेवा में लगे हुए है और एक भी दिन ऐसा नहीं गया जब वे लोगों के बीच ना गए हो। इस कार्य शैली की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं तारीफ की है। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह के प्रयासों से थानेसर एक मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित होगा।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि थानेसर के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। इस सरकार ने पिछले 10 सालों में समाज के अंतिम व्यक्ति की जरूरतों को जहन में रखकर योजनाएं बनाने का काम किया है। इस सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 30-30 गज के 15430 प्लाट देने का काम किया है। सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हर श्रेणी के व्यक्ति को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए का निशुल्क इलाज व निशुल्क डायलिसिस की सुविधा भी प्रदान की है।

पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में थानेसर हलका के विकास कार्यो को तेज गति के साथ पूरा किया जा रहा है।

## 'नवीन संकल्प शिविर' से लोगों को मिल रहा है लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** समाज सेवा और जनकल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, सांसद नवीन जिन्दल द्वारा नवीन संकल्प शिविरों की शुरूआत की गई है।
नवीन संकल्प शिविरों के अगले आयोजन के शेड्यूल के बारे में जानकारी देते हुए संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की ओर से लोगों को सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए 20 दिसम्बर को कुरुक्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ा और इंदबड़ी में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए जाएंगे।इन शिविरों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच और उपचार के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित शिविरों में हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल ने ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डाला है और लोगों में जागरूकता बढ़ाई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि 20 दिसम्बर को कुरुक्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ा और इंदबड़ी में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में भाग लेकर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं का लाभ उठाएं।

## जिला में रात 10 बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने ध्वनि प्रदूषण से आमजन को होने वाली परेशानियों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए रात 10 बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर बजाने पर रोक लगाने के आदेश दिए है। इसकी पालना सुनिश्चित करवाने के लिए उन्होंने सभी थाना प्रबंधकों व चौकी इंचार्जों को आदेश दिए है। सभी थाना प्रबंधकों द्वारा सामुदायिक केंद्र, बैक्वेट हाल व डीजे संचालकों के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी जा रही है। नियमों का उल्लंघना करने वालों के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि जिला में कुछ सामुदायिक केंद्र व बैक्वेट हाल आवासीय कॉलोनियों में स्थित है। जहा पर अक्सर शादी व अन्य समारोह के दौरान आतिश बाजी एव ऊंची ध्वनी में डीजे अथवा लाउडस्पीकर की ऊची आवाज लोगों की परेशानी का कारण बनती है। देर रात तक ऊंची ध्वनि में डीजे व लाउडस्पीकर बजाने व आतिशबाजी के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना



पड़ता है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं बीमार व हर आयु वर्ग के लोगों को किसी न किसी तरह से परेशानी होती हैं। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेंगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि यदि रात 10 बजे के बाद कोई डीजे या लाउडस्पीकर बजाता है तो उसकी सूचना पुलिस को दे। स्थानीय पुलिस द्वारा तत्परता से मौका पर पहुंचकर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समय के दौरान भी डीजे या लाउडस्पीकर नियम अनुसार निर्धारित की गई आवाज तक ही बजाए, जिससे कि ध्वनि प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न न हो। बगैर अनुमति के रात 10 बजे के बाद डीजे बजाना कानूनी रूप से अपराध की श्रेणी में आता है। किसी भी कार्यक्रम में रात 10 बजे के बाद डीजे बजते हुए पाया गया तो डीजे संचालक, बैंक्वेट हाल के मालिक व डीजे बजवाने वाले के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही डीजे को भी जब्त किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि निर्धारित नियमों कि पालना न करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत सजा हो सकती है। आमजन शादी समारोह व अन्य खुशी के माहौल मे ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दुसरे को परेशानी का सामना करना पड़े।

## निगम के वार्ड 8 में पैशंन जांच को लेकर शिविर में दस्तावेज की जांच की

**जांच**

▶▶ सभी पैंशन धारक शिविर में पहुंचकर जरूर पैंशन को लेकर अपने कागजात की जांच करवा ले

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई:** राई गांव में वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों के रिकॉर्ड व दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष शिविर भाजपा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई की देखरेख में लगाया गया।



जिसमें समाज कल्याण व अन्य विभागों से पहुंचे राजेन्द्र, अमजद, रानी, अनिल, आदि ने निगम के वार्ड 8 के लोगों के दस्तावेज व रिकॉर्ड की जांच करवाई। शेष पेंशन लाभार्थियों के दस्तावेज की जांच का कार्य दूसरी बार लगने वाले शिविर में किया जाएगा।
निगम पार्षद पुनीत राइ ने बताया कि सभी पैंशन धारक शिविर में पहुंचकर जरूर पैंशन को लेकर अपने कागजात की जांच करवा ले।

## नौकरी दिलाने के नाम पर पिता-पुत्र ने दो लाख ऐंठे

**गन्नौर।** हरियाणा कौशल रोजगार में नौकरी दिलाने के नाम पर पिता-पुत्र ने एक युवक से दो लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोप है कि पिता-पुत्र ने युवक को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे कर समालखा के एक ट्यूबवेल पर काम पर लगा दिया। जब उसने पैसे वापिस मांगे तो उन्होंने युवक को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने अब मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खिजरपुर अहीर गांव के राहुल ने बताया कि दुभेटा गांव के महाबीर ने उसे जनवरी 2024 में दो लाख रुपये में हरियाणा कौशल रोजगार में नौकरी दिलाने की बात कही थी।

## सचदेवा ने राष्ट्रीय सम्मेलन की वेबसाइट लॉन्च की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पर्यावरण अध्ययन संस्थान द्वारा 24 जनवरी को पर्यावरण और स्थिरता पर विषय पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन-2025 की आधिकारिक वेबसाइट और ब्रोशर को लांच किया।
इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने संस्थान के निदेशक प्रो. जितेन्द्र शर्मा व उनकी टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मेलन पर्यावरण और स्थिरता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिकों,



शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के लोगों और शिक्षाविदों को एक साथ लाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि वेबसाइट पर राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, जिसमें पंजीकरण विवरण, कार्यक्रम कार्यक्रम और पेपर जमा करने के दिशा-निर्देश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ब्रोशर में मुख्य वक्ता डॉ. देव व्रत कंबोज, निदेशक डीआरएल, तेजपुर और अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं प्रो. अनुभा कौशिक जीजीएस आईपीयू, नई दिल्ली, प्रो. अरुण के सराफ,

**शिक्षाविद**

▶▶ प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के लोगों और शिक्षाविदों को एक साथ लाएगा

आईआईटी रुड़की, प्रो. वी. के. गर्ग, सीपीयू, बठिंडा के बारे में भी जानकारी दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन संस्थान में आयोजन समिति से संपर्क किया जा सकता है।

## सोशल ओडिट ग्राम सभा में सरपंच के मनरेगा कार्यों की सराहना

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सोशल ओडिट ग्राम सभा के लिए पायलेट टेस्टिंग एप को लेकर गांव सनपेड़ा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोशल ओडिट ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2023-2024 में गांव में करवाए गए विकास कार्यों का गांववासियों के साथ उसके लिए सोशल ओडिट की ग्राम सभा की गई। ग्राम सभा में डायरेक्टर आफ सोशल ओडिट चंडीगढ़ से अजय शर्मा, एमआईएस कोर्डिनेटर संदीप वाही, ग्रामीण विकास मंत्रालय से पीओ सोशल ओडिट सुषमिता गायत्री, विवेक राज पीओ सोशल ओडिट, सत्यवान हुसेन प्रोजेक्ट सलाहकार, सिमरन माथु एनलेस्टि एनआईसी, बीडीपओ मुरथल



सुरेन्द्र, स्वाति पीओ आदि ने शिरकत की। गांव में पहुंचने पर सभी अधिकारियों का गांव के सरपंच प्रमोद ढाका, समाजस सेवी संदीप ढाका व पंचायत समिति सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। ओडिट के दौरान सरपंच प्रमोद ढाका द्वारा मनरेगा में करवाए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। डायरेक्टर आफ सोशल ओडिट चंडीगढ़ ने कहा कि सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सोशल ऑडिटिंग को लेकर ग्राम सभा में चर्चा की गई। सोशल ऑडिट के लिए मनरेगा योजना का सोशल ऑडिट समुदाय आधारित संगठनों और अन्य

**विकास कार्य**

▶▶ विकास कार्यों का गांववासियों के साथ उसके लिए सोशल ओडिट की ग्राम सभा की गई

स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से सामाजिक उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के जरिए कराए गए कार्यों के सोशल आडिट के दौरान यदि कहीं कोई गड़बड़ी मिलती है तो वसूली की जाएगी। सोशल आडिट टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा कराए गए समस्त कार्यों का सोशल ऑडिट किया जाएगा। इसके अंतर्गत सोशल ऑडिट ग्राम सभा जनसुनवाई हेतु पर्यवेक्षकों, अधिकारियों को नामित किया है जो निर्धारित सोशल ऑडिट ग्राम सभा की तिथि में चयनित ग्राम पंचायत के पंचायत घर व प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचकर मनरेगा के अंतर्गत सोशल ऑडिट करना सुनिश्चित करेंगे। सोशल ऑडिट में ब्लॉक सभा में ग्राम पंचायत में पाई गई कमियों एवं अनियमितताओं पर चर्चा करते हुए अनियमितता के प्रकरणों में विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मनरेगा में काम करने वाली महिलाओं ने काम के दौरान मिलने वाली सुविधा तथा 100

## पांच दिवसीय बालवाटिका 3 कार्यशाला में शिक्षकों की समस्याओं को सुना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ थानेसर की टीम प्रधान नरेश फूले की अगुवाई में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर चल रहे पांच दिवसीय बालवाटिका 3 कार्यशाला में पहुंचे। खंड कार्यकारिणी की तरफ से खंड महासचिव अशोक सैनी, खंड सहसचिव करनैल सिंह, ऑडिटर वीरेंद्र कुमार आदि साथ रहे। प्रधान नरेश फूले ने सभी अध्यापको के बीच जाकर उनकी स्कूल व कार्यालय से संबंधित समस्याओं को जाना और साथ ही



कर्मचारियों को संगठन को पूर्व की भांति और मजबूत करने को कहा। सचिव अशोक ने अंतर जिला स्थानांतरण के बाद आए अध्यापकों का जिले में आने पर संगठन की तरफ से स्वागत किया और उन्हें संगठन में जुड़कर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। वीरेंद्र ने सभी साथियों को सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। नरेश फूले ने सभी शिक्षकों की स्कूल से संबंधित व कार्यालय से संबंधित समस्याएं सुनी और निवारण हेतु खंड शिक्षा अधिकारी से मीटिंग का समय मांगा। सभी कर्मचारियों ने पूर्ण आश्वासन दिया।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या करने के दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव निरथान में राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सिंकदर व प्रदीप निवासी भठगांव का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव निरथान के निवासी राजेश ने गत एक दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह हाल में गांव का सरपंच है। रात करीब तीन बजे उसके पास फोन आया कि कुछ लड़के गांव के स्कूल में पक्षियों को शिकार कर रहे है। वह सूचना के बाद मौके पर पहुंचा। जहां स्कूल के अंदर तीन-चार लड़के बरगद के पेड़ पर बैटरी से लाइट मार रहे थे। उसी दौरान दो गोलियां चलने की आवाज आई। जिसके बाद पेड़ से मोर नीचे गिर गया। पक्षियों का शिकार कर रहे लड़कों को पकड़ने का प्रयास किया। जिसमें दो-तीन लड़के पेड़ से गिर मोर को उठाकर फरार हो गए। किसी तरह उन्होंने एक शिकारी को पकड़ लिया। जिसकी पहचान श्रीओम निवासी भठगांव मालायाण के रूप में हुई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने आरोपित को काबू कर लिया। उसके व अन्य शिकार करने वाले आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में उप निरीक्षक आजाद की टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### दुष्कर्म के बाद पैदा हुई प्री-मैच्योर बच्ची की अस्पताल में मौत

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने के बाद जन्मी प्री-मैच्यौर बच्ची ने अस्पताल की नर्सरी में दम तोड़ दिया। वहीं नाबालिग लड़की को परिजन उपचार के बाद घर ले गए। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। शहर निवासी एक व्यक्ति ने गत दिनों पहले पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। गत बृहस्पतिवार देर रात को उसकी नाबालिग बेटी के पेट में दर्द होना शुरू हो गया। वह उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां उसे आपातकालीन कक्ष में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। शहर के गीता भवन चौक पर पहुंचने पर नाबालिग की हालत खराब हो गई। एंबुलेंस में तैनात महिला कर्मचारी ने देखा तो नाबालिग ने नवजात बच्ची को जन्म दिया। उसके बाद दोनों को वापिस अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्री-मैच्यौर बच्ची ने नर्सरी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

**छह माह पहले आरोपित ने किया था दुष्कर्म, गर्भपात के लिए किशोरी को खिला दी थी गोली-** मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग के पड़ोस में दुकानदार से उसकी मुलाकात हुई। करीब छह माह पहले लड़की के परिजन काम से बाहर चले गए। उसी दौरान आरोपित घर में घुस आया था। उसके साथ गलत काम किया। जब तक उसे पता चलता तो वह छह माह की गर्भवती हो गई। आरोपित ने उसे गर्भपात की गोली खिला दी। उसके बाद उसकी देर शाम को हालत खराब हो गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। उसके बाद उसे रेफर कर दिया। जहां अस्पताल में लेकर जाते समय उसने एंबुलेंस में प्री-मैच्यौर बच्ची को जन्म दिया।

# छात्रों का कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र शैक्षणिक भ्रमण

## आविष्कारों ने छात्रों को वैज्ञानिक सोच और नवाचार के महत्व को समझने का अवसर दिया

**ज्ञान का दायरा**

**इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय इतिहास, विज्ञान और संस्कृति की गहराइयों से परिचित कराना था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** किड्जी स्कूल कुरुक्षेत्र सैक्टर : 3 कुरुक्षेत्र के सीनियर केजी कक्षा के छात्रों ने कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध पैनोरमा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय इतिहास, विज्ञान और संस्कृति की गहराइयों से परिचित कराना था और उनके ज्ञान के दायरे को व्यापक बनाना था। संग्रहालय में छात्रों ने 3ऊ मॉडल्स, महाभारत के ऐतिहासिक दृश्यों और विज्ञान गैलरी का अवलोकन किया, जो उनके लिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र रहा। महाभारत के युद्ध के दृश्य और भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को जीवंत रूप में देखकर बच्चे रोमांचित हो उठे। विज्ञान गैलरी में प्रदर्शित प्रयोगों और आविष्कारों ने छात्रों को वैज्ञानिक सोच और नवाचार के महत्व को समझने का अवसर दिया। शिक्षकों ने हर मॉडल और प्रदर्शनी की विस्तार से जानकारी दी, जिससे बच्चों का शैक्षिक अनुभव और अधिक समृद्ध हुआ। बच्चों ने पौराणिक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और विज्ञान के अद्भुत पहलुओं को गहराई से जाना। इस दौरान बच्चों ने कई सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासा को शांत किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने टीमवर्क, अनुशासन और आत्म-अनुशासन जैसे गुणों का भी अभ्यास किया। इस यात्रा ने न केवल उनके शैक्षिक कौशल को बढ़ावा दिया बल्कि सामाजिक कौशल और सहकर्मियों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने में भी मदद क विद्यालय प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी ने इस भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक दौरे बच्चों की सोचने की क्षमता, रचनात्मकता और सीखने की रुचि को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ छात्रों को किताबों से बाहर की दुनिया को समझने का अवसर प्रदान करती हैं। यह यात्रा छात्रों के लिए मनोरंजन और ज्ञान का अद्भुत संगम साबित हुई, जो न केवल उन्हें एक नई दृष्टि प्रदान करेगी बल्कि उनके भविष्य के विकास में भी सहायक होगी। छात्रों ने इस अनूठे अनुभव के लिए विद्यालय और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# 23 दिसंबर को होगा शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला जिला के सभी 478 प्राईमरी स्कूलों में बच्चों को दी जा रही शिक्षा और वहां की मौजूदा व्यवस्था को जांचने तथा उसे और अधिक बेहतर करने के लिए आगामी 23 दिसंबर को इन सभी स्कूलों में शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय में एक विभाग द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक प्रार्थना सभा शुरू होने से पहले ही स्कूल में पहुंचेगा और पूरा दिन स्कूल में रहकर शिक्षा और व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेगा। यही नहीं प्रत्येक पर्यवेक्षक विद्यालय से संबंधित अपनी रिपोर्ट व आंकड़े विभाग के पोर्टल पर भरेगा जिसके आधार पर विद्यालयों की रिपोर्ट तैयार होगी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को राज्य स्तरीय प्रोत्साहन के लिए मनोनीत भी किया जाएगा। इस पर्यवेक्षण बारे और अधिक जानकारी देते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा ने बताया कि जिला अंबाला में निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम की प्रगति को देखने के लिए पहले भी अंबाला जिला के सभी 478 प्राइमरी स्कूलों में दो बार मेगा मॉनिटरिंग की गई है जिसके अंतर्गत पहली कक्षा से तीसरी कक्षा तक के बच्चों की शिक्षा का स्तर जांचा गया था । इस पर्यवेक्षण के लिए जिला परियोजना समन्वयक समग्र



शिक्षा कार्यालय द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक विद्यालय में सुबह प्रार्थना सभा के आयोजन से पहले ही पहुंच जाएगा और पर्यवेक्षण के दौरान वह प्रार्थना सभा के अवलोकन के पश्चात विद्यालय के अध्यापकों से पर्यवेक्षण कार्यक्रम बारे चर्चा करेगा। उसके बाद वह कक्षावार स्किल पासबुक, एफ०एल०एन० कार्यक्रम की प्रगति, बच्चों के लर्निंग आउटकम, अध्यापकों के कक्षा में पढ़ाने के तरीके, बच्चों को पाठ्य पुस्तकों कार्य पुस्तकों तथा अन्य सामग्री के वितरण, मिड डे मील योजना, स्मार्टशाला, बैग फ्री इंग्लिश मीडियम स्कूल, स्मार्ट क्लासरूम, मैथ्स किट, बाला ग्रांट, ड्यूल डेस्क, बाल वाटिका, विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम जैसे निपुण रामलीला, पहाड़े प्रतियोगिता, रफ्तार कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभागिता, प्रिंट रिच क्लासरूम, अध्यापकों द्वारा तैयार किए गए टी०एल०एम० तथा कक्षा में बच्चों की दक्षता आधारित बैठने की व्यवस्था इत्यादि का अवलोकन करेगा।

# मुनाफे का लालच देकर सवा दो करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोपित दो साल बाद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने मुनाफे का लालच देकर सवा दो करोड़ रुपये की ठगी करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने दो साल बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गौरव निवासी रामपुरा केडी नगर गन्नौर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से गंभीरता से पूछताछ की जारही है। किंग्सबरी अपार्टमैंटस कुंडली निवासी वेदप्रकाश ने गत 17 दिसंबर 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि कपड़े का कार्य करने वाली कंपनी के गौरव ने बताया कि उसमें हर आर्डर में बीस प्रतिशत का लाभ देते है। वह उनकी बातों में आ गया। वहीं उसने विश्वास में लेकर अपने रिश्तेदारों के रुपये भी निवेश करवा दिए। उसके पता चला कि गौरव ने उसके साथ धोखा किया है। उससे धोखे में लेकर सवा दो करोड़ रुपये की राशि को हड़प लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# राष्ट्रीय सिद्ध दिवस के उपलक्ष्य में किया गया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**पौधारोपण**

**मनुष्य का शरीर पंचतत्वों (धरती, जल, अग्नि, वायु, और आकाश) से बना माना जाता है**

**कुरुक्षेत्र:** आयुष चिकित्सा केन्द्र के परिसर में 8 वें राष्ट्रीय सिद्ध दिवस के उपलक्ष्य में प्रोफेसर (वैद्य) करतार सिंह धीमान, कुलपति, श्री कृष्णा आयुश विष्वविद्यालय द्वारा खैर व प्लाश के पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने महर्षि अगस्त्य जी का पूजन किया व कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने बताया कि सिद्ध चिकित्सा पद्धिति भारत की प्राचीनतम पारंपरिक चिकित्सा पद्धितियों में से एक है। इस उपलक्ष्य में दिनांक 20 तथा 21 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय सिद्ध चिकित्सा दिवस पर भारत सरकार के राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चैन्नई के सहयोग से निषुल्क सिद्ध चिकित्सा शिविर का आयोजन आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान अस्पताल में लगाया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चैन्नई सिद्ध चिकित्सा विषेशज्ञ श्री कृष्णा विषवविद्यालय के सिद्ध चिकित्सा विषेशज्ञ के सानिध्य में रोगियों का परामर्श परीक्षण कर निशुल्क वितरण करेंगें। कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) करतार सिंह धीमान के अनुसार सिद्ध चिकित्सा प्रणाली- भारतीय चिकित्सा पद्धतियों (आयुश) का प्राचीन खजाना है तथा भारत की समृदध चिकित्सा परंपराओं में से एक, सिद्ध चिकित्सा प्रणाली आयुष चिकित्सा पद्धतियों की प्राचीनतम उपचार पद्धति है। इस चिकित्सा प्रणाली की जड़ें दक्षिण भारत विषेशकर तमिलनाडू में गहराई से जुड़ी हुई है। इसकी उत्पत्ति 10,000 वर्ष ई० पूर्व से पहले की मानी जाती है। जिसकी उत्पत्ति 18 सिदधों (संतो) के द्वारा हुई थी। जिन्होने इसे मानवता के कल्याण के लिए विकसित किया था। यह पंचभूत सिद्धांत के अनुसार काम करने वाला चिकित्सा पद्धति है, जिसके अनुसार मनुष्य का शरीर पंचतत्वों (धरती, जल, अग्नि, वायु, और आकाश) से बना माना जाता है।

# पुलिस की पाठशाला द्वारा किया जा रहा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम द्वारा दुर्गाशक्ति टीम अम्बाला ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलबेड़ा अम्बाला शहर में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के



नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दुर्गाशक्ति टीम ने महिला सुरक्षा/साईबर अपराध बारे जानकारी दी। डायल-112 एप्प बारे छात्र/छात्राओं/शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही शिक्षकों को डायल-112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें।

**महिला सुरक्षा**

**इस कार्यक्रम में दुर्गाशक्ति टीम ने महिला सुरक्षा/साईबर अपराध बारे जानकारी दी।**

# शहर का विश्राम गृह परिसर बना अवैध वाहन पार्किंग का अड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** के रेलवे रोड स्थित विश्रामगृह का परिसर अवैध वाहन पार्किंग का अड्डा बनाकर रह गया है। परिसर में सुबह से लेकर शाम तक अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग रहती है। विश्राम गृह व पीडब्ल्यूडी कार्यालय में आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में विभाग के अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है। हालांकि कई बार परिसर से दो-पहिया वाहन चोरी होने की वारदात सामने आ चुकी है। बता दें कि वीआईपी गेस्ट व मंत्रियों के विश्राम के लिए रेलवे रोड पर गेस्ट हाउस की स्थापना की थी। हाल के दिनों में विश्रामगृह में दो-पहिया वाहन चालक सहित चार पहिया वाहन चालक अपने वाहनों को अवैध रूप से परिसर में खड़ कर है। इस संबंध में कर्मचारियों की तरफ से उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है, लेकिन कोई ठोस कदम उठाने का काम नहीं किया जा रहा है। परिसर में प्रशासनिक व्यवस्था संभाल रहे कर्मचारियों की तरफ से दीवारों पर नो पार्किंग के पोस्टर तक लगा रखे है, लेकिन उसके बावजूद लोग अपने वाहनों को खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे है। शहर के विश्राम गृह के साथ लगता पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभाग के कार्यालय है। जहां पर आने वाले अधिकारियों को अवैध पार्किंग का सामना करना पड़ता है। वाहन चालक सुबह दीवार के साथ अपने वाहनों को खड़ा कर देते है। उसके बाद सड़क मार्ग के दूसरी साइड में कारों की पार्किंग हो जाती है।

**अवैध**

**हालांकि कई बार परिसर से दो-पहिया वाहन चोरी होने की वारदात सामने आ चुकी है**

# चोरी की गाड़ी सहित आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनीपत : शहर** थाना पुलिस ने चोरी की गाड़ी सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महेंद्र निवासी जयपुर राजस्थान हाल में झुग्गी सेक्टर-23 का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। शहर थाने में तैनात उप निरीक्षक मनोज ने बताया कि उनकी टीम गत 17 दिसंबर को सेक्टर-23 आउटर रोड पर मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली की महेंद्र महलाना रोड पर झुग्गी डालकर रहता है।

# कूड़े का पॉइंट हटाने पर सब्जी मंडी एसो. ने किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नगर निगम में कार्यालय में सफाई से सम्बधिंत शिकायते आती रहती है लेकिन सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाये जाने के लिए सब्जी मंडी एसोसिएश्न द्वारा निगम अधिकारियों का धन्यवाद किया गया है और मिठाई बाटी गई। नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता, आईएएस के ज्वाईन करने के बाद नेशनल हाइवे पर स्थित सब्जी मंडी एसोसिएशन द्वारा निगम आयुक्त से गारबेज सैकेण्डरी प्वाईट हटाने हेतू मिली सब्जी मंडी के नजदीक नगर निगम द्वारा सैकेडंरी प्वाईट बनवाया गया था। जिसको हटाने को लेकर सब्जी मंडी एसोसिएशन कई सालों से



संघर्ष कर रही थी लेकिन वहा से कूडा नही हटाया जा सका। इस पर कार्यवाही करते हुये निगम आयुक्त द्वारा, संयुक्त आयुक्त, मुख्य सफाई निरीक्षक, को यह निर्देश दिये गयें। कि यह से इस कूडे के प्वाईट को एक सप्ताह के अन्दर बन्द करने के सख्त निर्देश दिये गये। जिसकी अनुपालना में सयुक्त आयुक्त द्वारा वहा लगातार चैकिंग की गई। वहा पर कूडा कर्कट निगम द्वारा व जो भी प्राईवेट संस्थाओंद्वारा गिराया जा रहा था। वह बन्द करवा दिया गया। इस दौरान निगम अधिकारियों द्वारा 2 कर्मचारी पूरे दिन के लिए मौजूद किये गये। जिससे कोई भी प्राईवेट व्यक्ति भी कूडा न डाल सकें। अब इस एरिया में कोई भी कूडा न है। जिससे प्रसन्न होकर सब्जी मंडी एसोसिएशन निगम आयुक्त सचिन गुप्ता, आईएएस का धन्यवाद किया। सब्जी मंडी के प्रधान अमरनाथ बिरला ने बताया कि इस समय नगर निगम सचिन गुप्ता , आईएएस संयुक्त आयुक्त, पुनीत कुमार व मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश कुमार बहुत ही बेहतरीन कार्य कर रहे है।

**निर्देश**

**इस पर कार्यवाही करते हुये निगम आयुक्त द्वारा, संयुक्त आयुक्त, मुख्य सफाई निरीक्षक, को यह निर्देश दिये गयें**

# ब्रिगेड शिविर के प्रतिभागी देश की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** समय पर मिलने वाली प्राथमिक सहायता घायल व्यक्ति के प्राणो की रक्षा करने में सहायक होती है उक्त उदगार भारतीय रेड क्रॉस समिति एवं सेंट जॉन एंबुलेंस भारत, हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ के महासचिव डॉक्टर मुकेश अग्रवाल ने सेंट जॉन एंबुलेंस (भारत), हरियाणा राज्य केंद्र द्वारा 17 से 19 दिसंबर 2024 तक पंजाबी धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे आयोजित किए गए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ब्रिगेड इंचार्ज एवं स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रकट किए ' इससे पूर्व डॉ मुकेश अग्रवाल काकार्यक्रम में पहुंचने पर डॉक्टर सुनील कुमार सचिव जिला रेड क्रास




कुरुक्षेत्र एवं शिविर निदेशक संजीव धीमान द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया ' डॉ अग्रवाल ने रैड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डुनांट, युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया एवं पुष्प अर्पित किए ' उन्होंने बताया कि सैंट जॉन एंबुलेंस एसोसिएशन का गठन 19 वीं शताब्दी में इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति के परिणाम स्वरूप हुआ तथा 18 जुलाई 1870 में इंग्लैंड में सेंट जॉन के आर्डर तथा 1864 में जिनेवा कन्वेंशन को मध्य नजर रखते हुए हुआ ' जिससे उद्योगों मे काम कर रहे मजदूरों को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिए जाने लगा ' सेंट जॉन एंबुलेंस एक मानवतावादी स्वैच्छिक संस्था है जो बीमार तथा घायलों की युद्ध, शांति या दोनों समय में सेवा करती है ' यह लोगों के बीच राष्ट्रीयता, संप्रदाय, जाति,रंग अथवा स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं करती '

भारत में सेंट जॉन एंबुलेंस की स्थापना 1912 में हुई ' 1920 में भारतीय रेड क्रॉस एक्ट बनने के बाद 1934 में यह संस्था रेड क्रॉस के साथ सम्बद हो गई और रैड क्रॉस के सहयोगी संस्था के रूप में काम करने लगी ' वर्ष 1971 से हरियाणा में यह संस्था काम कर रही है ' डॉ मुकेश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि हरियाणा रेड क्रॉस द्वारा 25 जुलाई 2023 से 9 सितंबर 2023 तक सी.पी.आर मोबाइल वैन द्वारा हरियाणा प्रदेश के 66124 लोगों को सी पी आर में प्रशिक्षित किया गया 'सभी जिलों में इस मोबाइल वैन में एलईडी के माध्यम से लोगों को लघु फिल्म दिखाई गई जिसमें यह बताया गया कि कोई भी व्यक्ति यदि दिल का दौरा पड़ने पर मूर्छित हो जाता है तो उस व्यक्ति को सीपीआर देकर किस प्रकार बचाया जा सकता है' उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ग्रामीण स्तर पर रेड क्रॉस मित्र तैयार करना चाहते हैं ताकि रेड क्रॉस की गतिविधियों को ग्रामीण स्तर पर बढ़ाया जा सके।

**सम्मेलन**

**एसोसिएशन का गठन 19 वीं शताब्दी में इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति के परिणाम स्वरूप हुआ तथा 18 जुलाई 1870 में इंग्लैंड में हुआ था**

# नागरिक अस्पताल का दौरा करेगी कायाकल्प की टीम, कर्मचारी साफ-सफाई में जुटे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** के नागरिक अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जांच-परख करने के लिए आगामी दो दिनों में कायाकल्प की टीम दौरा करेगी। टीम के दौरे से पहले अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था जोरों पर है। सफाई कर्मचारियों से लेकर स्वास्थ्य अधिकारी कार्य में जुटे हुए है। ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन कक्ष में कर्मचारी अपने-अपने कार्यो में लगे नजर आए। आपातकालीन कक्ष में नर्सिंग अधिकारी दवाइयों का मिलान व उन्हें जरूरत के हिसाब से जगह पर शिफ्ट करते हुए पाए गए। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अलग-अलग टीमें प्रदेश में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों व नागरिक अस्पतालों में समय-समय पर दौरा करते है। ताकि लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी को दूर किया जा सके। प्रदेश के अस्पतालों में तैनात स्वास्थ्य अधिकारी अपने जिले को छोड़कर दूसरे जिलों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में जाकर वहां की सुविधाओं को जांचते है। कार्य की एक रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजते है। उसके बाद दूसरी टीम अस्पताल का दौरा कर व्यवस्थाओं को जांचकर अपनी रिपोर्ट विभाग के पास भेजती है। वहीं उक्त रिपोर्ट के आधार पर अस्पतालों को नंबर दिया जाता है। प्रथम व दूसरे स्थान पर आने वाले अस्पतालों को स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करने के लिए धन राशि मुहैया करवाई जाती है।

**आपातकालीन कक्ष में दवाइयों को मिलान, तो करवाई जा रही सफाई-** टीम के आने की आहट कर्मचारियों को विभाग की तरफ से मिल चुकी है।

**व्यवस्था**

**ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन कक्ष में कर्मचारी अपने-अपने कार्यो में लगे नजर आए**

# समाधान शिविर में पहुंच रहे जरूरतमंदों की फरियाद पर तत्काल करें कार्यवाही: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा सरकार के निर्देशों पर आम जन की समस्याओं का समाधान करने को लेकर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविरों में कड़ाके की ठंड को दरकिनार कर अधिकारी दो घंटे समस्याओं का समाधान कर रहे है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अधिकारियों के दृढ़ निश्चय से समाधान शिविर में जरूरतमंदो की समस्याओं का तत्परता से समाधान हो रहा है।



उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले प्रार्थियों के लिए प्रशासन की तरफ से कड़ाके की ठंड में चाय की भी विशेष व्यवस्था है। शिविर में पहुंचने वाले जरूरतमंद प्रशासन से अपनी समस्याओं का निदान करवाते हैं।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रार्थियों की प्रशासन से की गई फरियाद का वे पूरा ध्यान रखे व समस्याओं का समाधान में किसी भी प्रकार की कोताही व देरी न करे। समस्याओं के समाधान के प्रतिशत में और ज्यादा बढ़ोतरी करने के भी उपायुक्त ने निर्देश दिए।

**अनुरोध**

**परिवार पहचान पत्र को पुन: सत्यापित करके राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया**

प्रार्थी जसमेर जिनकी आयु 56 वर्ष है। उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है। विधुर पैंशन के लिए विभाग का कई बार चक्कर लगाने के बाद निराशा ही हाथ लगी। उपायुक्त ने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
शिकायतकर्ता सुरेन्द्र, रकम सिंह, सुरेश वासी चुलकाना ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि उनके खेत का 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। उन्होंने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़वाने की मांग प्रशासन से की। प्रार्थी रूचि ने प्रशासन से प्रार्थना की कि वह उझा रोड़ एकता विहार कॉलोनी की निवासी है। मेरी वार्षिक आय एक लाख से कम है। उन्होंने परिवार पहचान पत्र को पुनः सत्यापित करके राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने इस संदर्भ में संबंधित विभाग क्रीड को संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तिगड़ी खालसा में हुआ युवा संसद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तिगड़ी खालसा, कुरुक्षेत्र (कोड 2338) में युवा संसद की गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनाक्षी मैडम (डीडीओ) ने की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती बबिता (पीजीटी राजनीति विज्ञान), श्री नीलकंठ (टीजीटी संस्कृत) एवं श्रीमती सरोज यादव (टीजीटी इंग्लिश) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेंद्र कुमार (सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान) और श्री राजेश कुमार (प्रवक्ता, राजनीति विज्ञान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहर माजरा) उपस्थित रहे। डॉ. राजेंद्र कुमार ने छात्रों को प्रेरक भाषण देकर मार्गदर्शन प्रदान किया और कुछ छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा भी की। विशेष रूप से अनुष्का, शबनम, खुशबू, सोनिका, रीता और स्नेहा के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया।कार्यक्रम के दौरान युवा संसद की मुख्य गतिविधियों जैसे शपथ ग्रहण, शून्य काल और प्रश्नकाल का आयोजन किया गया। इसमें 50 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा, जिनमें राजेश जी, अंजू मैडम, परविंदर सर, सविता मैडम, सुंदर कौर मैडम और सीमा मैडम का उल्लेखनीय सहयोग रहा।



## न्यूज फ्लैश

### पात्र महिलाएं सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए करें 27 दिसंबर तक आवेदन: डीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसी कड़ी में विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरुस्कार देने के लिए 27 दिसम्बर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। यह पुरूस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी एक लंबा सफर तय करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया पुरस्कार में 5 लाख रुपए नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक शाल शामिल है। उन्होंने बताया कि आवेदक का जन्म हरियाणा में हुआ हो और महिलाओं के हित के लिए काम करती हो। नामांकन करने के दौरान नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए। पात्र महिलाएं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग पानीपत के कार्यालय में 27 दिसम्बर 2024 तक स्वयं उपस्थित होकर विभाग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार आवेदन करें। आवेदन के नियम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### गुरुकुल में सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आज सात दिवसीय एन.एस.एस. कैम्प का दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार तथा प्राचार्य सूबे प्रताप विशेष रूप से मौजूद रहे और छात्रों को बहुमूल्य विचारों से समाज कल्याण व राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित किया। एन.एस.एस. शिविर के संयोजक नवदीप मान, देवीदयाल और अनिल शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अधिकारियों के साथ वॉलंटियर्स ने दीप जलाकर शिविर की विधिवत घोषणा की। डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि एन.एस.एस. का ह्यमोटोह्व है – नोट मी, बट यू। अर्थात स्वयं से पहले दूसरों के हितों की सोचना वाला ही सच्चा स्वयं सेवक होता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में सभी स्वयंसेवकों को कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे दूसरों को भला तो हो ही साथ ही यह शिविर एक यादगार शिविर बनें। इस अवसर पर देवान्श आर्य ने एन.एस.एस. के इतिहास पर प्रकाश डाला और सभी वॉलंटियर्स को अपने कर्त्तव्य स्मरण कराए। नमन आर्य ने शानदार मंच संचालन किया। 19 से 25 दिसम्बर तक चलने वाले इस कैम्प में सभी वॉलंटियर्स को प्राकृतिक खेती, पशुपालन, पौधारोपण, अनुशासन, नेतृत्व करना, समाज सेवा, प्राथमिक चिकित्सा, आपात स्थिति में कैसे लोगों की सहायता करें, सामाजिक सदभावना आदि अनेक प्रकल्पों के विषय में बताया जाएगा।



### कुवि में स्वतंत्रता सेनानी आरडी गोयल ने पुस्तके भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया को स्वतंत्रता सेनानी व समाजसेवी आरडी गोयल ने गुरुवार को गोपाल शरण गर्ग द्वारा लिखित पुस्तक भारत की महान अग्रवाल-वैश्य विभूतियां की 20 प्रतियां भेंट की। पुस्तक के माध्यम से पाठकों को युगपुरुष महात्मा गांधी, भामाशाह, राममंदिर आंदोलन के प्रणेता अशोक सिंघल, स्वतंत्र भारत में समाजवादी राजनीति के प्रणेता डॉ. राम मनोहर लोहिया, महान स्वतंत्रता सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय सहित भारत की अनेक महान विभूतियों के जीवन दर्शन की जानकारी प्राप्त होगी।



# किसान हुए खानौरी बॉर्डर के लिए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :** पिहोवा किसान रेस्ट में सैंकड़ो की संख्या में किसान इक्कठे हुए और भाकियू हल्का प्रधान कवलजीत विर्क व युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा की अध्यक्षता में खनोरी बॉर्डर के लिए रवाना हुए।भाकियू प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया की खनौरी बॉर्डर पर चल रहा जगजीत डलेवाल का आमरण अनशन 24वे दिन में प्रवेश कर गया है।प्रिंस वड़ैच ने बताया की जब पिहोवा से किसानों का जत्था बॉर्डर पर पहुँच तो उस वक्त कुछ ही समय पहले जगजीत डलेवाल को होश आया था किसान नेता जगजीत डलेवाल सुबह एक बार बेहोश हो गए थे।किंतु अभी तक भी केंद्र सरकार ने किसानों से वार्ता शुरू नहीं की है व सरकार पूर्ण रूप से किसान विरोधी साबित होकर हठधर्मिता पर अड़ी हुई है।

केंद्र सरकार को सवेदनशील रुख अपनाते हुए किसानों की लंबित माँगो पर तुरंत वार्ता शुरू कर सकारात्मक बातचीत करनी चाहिए और देश भर के किसानों को सभी फसलो पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देनी चाहिए और किसान नेता जगजीत डलेवाल का आमरण अनशन तुरंत खत्म करवाना चाहिए।
इस मौके पर युवा उप प्रधान मालक विर्क,युवा वरिष्ठ उप प्रधान गुरलाल अस्मानपुर,आईटी सैल ब्लॉक प्रधान जातिन्द्र ठिंद,मीलू सारसा,विनोद बाखली,दरबारा दंदयान,जगीदश गुर्जर,जश्न उपल,जोधबीर वड़ैच,प्रिंस शर्मा,राजपाल विर्क,सतनाम विर्क,सुरजीत सिंह,मालविंद्र ढीलों,गौरव कुमार,भूपिन्दर गढ़ी लांगरी,दलजीत रंधावा,काकू चिमा समेत सैंकड़ो की संख्या में किसान रवाना हुए।



# संदिग्ध हालत में लापता हुआ विवि में तैनात कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में निजी विवि में तैनात कर्मचारी का मामला सामने आया है। परिजनों ने कर्मचारी की तलाश अपने स्तर पर की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। परिजनों ने कर्मचारी के कमरे से सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें कर्मचारी ने विवि में तैनात कर्मचारियों द्वारा परेशान करने व आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले कर्मचारी की तलाश कर रही है। पटेल नगर निवासी यशवंत राव चौहान ने बताया कि उसका भाई दिनेश बुधवार रात से संदिग्ध हालत में लापता हो गया। वह अशोक विवि में सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत था। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, उसे रिश्तेदारियों में भी तलाश किया। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। उसके कमरे में पहुंचे तो देखा कि एक सुसाइड नोट लिखा हुआ हुआ मिला। जिसमें विवि में तैनात कर्मचारी, मैनेजर, सीनियर मैनेजर असिसटैंट मैनेजर, विवि के डायरेक्टर सहित अन्य पर मानसिक परेशानी व आत्महत्या के लिए विवश करने के बारे में लिखा हुआ है।

# राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए महिलाएं 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी एक लंबा सफर तय करेगा।
उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य व बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ-टाइम अचीवर्स अवार्ड के लिए निर्धारित राशि व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी तथा साक्षर महिला समूह को निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

# ठंड से बचाव के लिए रखे स्वास्थ्य व खानपान का ध्यान: नगराधीश टीनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
कड़ाके की इस ठंड में बचाव को लेकर गरीब व असहाय महिलाओं और बच्चों को उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया के दिशानिर्देश पर ऊपरगामी पुल के नीचे गरीब व असहाय लोगों को सर्दी से बचाव करने को लेकर नगराधीश टीनू पोसवाल ने सैकड़ो लोगों को कंबल वितरीत किए। नगराधीश ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में हमें अपने स्वस्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए व गरीब वस्त्रों का नियमित रूप से उपयोग करना चाहिए।



नगराधीश ने कहा कि कड़ाके की ठंड व शीत लहर ने आम जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। इसका प्रभाव हमारे दैनिक जीवन पर भी दिखाई देने लगा है। हमें अपने स्वस्थ्य के साथ साथ अपने शरीर का ध्यान रखना चाहिए। खाने में उन पदार्थों का उपयोग करना चाहिए। जिससे सर्दी के मौसम से बचा जा सकें और स्वास्थ्य के लिए भी जो लाभदायी हो।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान आज से: डीसी

**पानीपत/ (कमाल हुसैन )**
भारत सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन होगा। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन सप्ताह मनाने का उद्देश्य है कि आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान, ग्रामीणों को सरकार योजनाओं की जानकारी देना, अंतिम लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना सुिंश्चित करना है।
सुशासन सप्ताह को लेकर जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# साईबर अपराधियों से बचने के लिए सचेत रहना आवश्यक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**साईबर अपराधी अपराध करने के हर दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन के जागरुक होने से ही साईबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा साईबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए पुलिस ने एडवाजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि साईबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता व सतर्कता ही सबसे बडा हथियार है। आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरुक करने हेतू पुलिस द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता हैं। आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना होगा ।



**साईबर फ्राड से बचने के लिए निम्न बातों का रखे ध्यान:**
1. अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें।
2. ऑनलाइन खरीदारी करते समय चैक करें वैबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न की खाली एचटीटीपी ।
3. किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नम्बर, कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नम्बर को किसी के साथ शेयर न करें।
4. साइबर ठग अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीपी के रूप में प्रयोग कर धोखाधडी कर रहे हैं, सावधान रहें ।
5. व्यटसएप पर किसी भी अज्ञात नम्बर से आई किसी भी प्रकार की विडियो या ऑडियो कॉल को रिसीव ना करें।
6. टेलीग्राम ऐप के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने के लुभाहने ऑफर के लालच में ना आएं ।
7. ई-चालान का मैसेज आए तो हो जाएं सावधान रहे, दिए गये लिंक को ना खोलें ।
8. इनकम टैक्स रिफंड के लिए बैंक खाता वेरीफाई करने का मैसेज आए तो दिए गये लिंक को ना खोलें ।
9. व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से आई किसी भी ऑडियो/विडियो कॉल को रिसीव ना करे ।

**एडवायजरी**

**कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा साईबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए एडवाजरी जारी की**

# गली में गंदगी फैलाने को लेकर झगड़ा, युवक को

**सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव खुर्मपुर में गली में फैले कीचड़ में फिसल कर गिरने से घायल व्यक्ति को मकान मालिक को कीचड़ फैलाने को लेकर टोकना मंहगा पड़ गया। तैश में आए मकान मालिक ने परिजनों के साथ मिलकर युवक पर ईंट और लोहे के सरिए से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट आई है। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव खुर्मपुर निवासी बिजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह दूध लेने के लिए जा रहे थे। जब वह गली से गुजर रहे थे तो कीचड़ फैला होने की वजह से फिसल कर गिर गए। जिस पर उसने वहां खड़े संजीव को कीचड़ फैलाने को लेकर टोका। जिसके चलते वह तैश में आ गया। उसने अपनी पत्नी रितु के और पिता सुशील के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपित संजीव और उसकी पत्नी ने उस पर लोहे के सरिए से वार कर घायल कर दिया। उसके पिता सुशील ने ईंट सिर में मारी। शोर सुन कर उसका बेटा जयभगवान वहां आया और आरोपितों से छुड़ाया। परिजन उसे

# श्रद्धा के साथ मनाया पं. राम प्रसाद, अशफाक और रोशन का बलिदान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में भारत माता के वीर सपूत राष्ट्रभक्ति के प्रतीक और युवाओं के प्रेरणा स्रोत महान बलिदानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान और रोशन सिंह का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गयो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेहताब आर्य रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की डीपी आशा अरोड़ा ने सभी का स्वागत किया और हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के प्रभारी उपप्राचार्य जगदीश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त कियो कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से हुआ और राष्ट्रगान के साथ ही यह कार्यक्रम संपन्न हुओ यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी`



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों, अमर बलिदानों और क्रांतिकारियों का हमेशा ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दियो उन्होंने कहा कि पं राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था और 19 दिसंबर 1927 को उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था` उन्होंने देश को आजाद करवाने के लिए यह नारा दिया था कि *सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है देखना है जोर कितना बाजु ए कातिल में है`* प्राचार्य अशोक आर्य ने कहा कि ब्रिटिश सरकार की जड़ों को हिला देने वाले काकोरी कांड को पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान और रोशन सिंह ने अंजाम दिया था` उन्होंने कहा कि इस देश ने आजादी के बाद सभी क्षेत्रों में बड़ी तेजी से विकास किया है आज भारत विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और उम्मीद है कि यह देश शीघ्र ही तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगो उन्होंने कहा कि देश का तेजी से विकास हुआ है अब भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भी अपनी हाजरी लगा चुका है लेकिन अभी भी अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है

***अपने बच्चों को रोजगार परक शिक्षा दिलवाने का करें प्रयास - अशोक आर्य***

प्राचार्य अशोक आर्य ने कहा कि ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी सच्चिदानंद गौड़, पंडित नेकीराम, आर्य प्रकाश, वीर शास्त्री और आचार्य बलदेव ने वैदिक शिक्षाओं को आगे बढ़ाने के सभी प्रयास किए हैं और आज सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ कोटी के वैदिक संस्कार देने का कार्य भी किया जाता है उन्होंने कहा कि आज विश्व स्तर पर लगभग 10 हजार आर्य संस्थाएं और आर्य शिक्षण संस्थाएं वैदिक धर्म को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए सभी प्रयास कर रही हैं` उन्होंने सभी अध्यापकों और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को रोजगार परक शिक्षा दिलवाने के सभी प्रयास करें।

# भगवान परशुराम महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली आयोजित

**मांग**

**महाविद्यालय में एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ भाग लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के दिशा निर्देश अनुसार नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान के तहत भगवान परशुराम महाविद्यालय में एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़ भाग लिया ' इस रैली का मुख्य लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नशे से होने वाली हानियों से जागरूक करवाना था 'इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शीशपाल ने बच्चों को नशा न करने के लिए जागरूक किया उन्होंने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशानुसार समय समय पर महाविद्यालय में नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान की गतिविधियाँ करवाई जाती है जिसका मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों को नशा न करने के लिए प्रेरित करना है।



# कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी के जनसंवाद में जुटे सैंकड़ों लोग





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी मंगेश त्यागी ने क्षेत्र स्थित जगतपुर एक्सटेंशन में लोगों के साथ मुलाकत कर जनसंवाद किया। इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के सैंकड़ों लोग भी मौजूद रहे। इस बीच क्षेत्र के लोगों ने मंगेश के समक्ष उनको दैनिक जीवन में होने वाली तमाम परेशानियों से भी रूबरू करवाया। मंगेश ने लोगों की परेशानियों को ध्यान से सुनते हुए उनके सुझवों को भी सुना। इस मौके पर संबोधित करते हुए मंगेश त्यागी ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग से अगर इस बार मैं बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुना जाता हूं तो सबसे पहले बुराड़ी की जो टुटी हुई सड़के, जाम नालियां, पीने के पानी की दिक्कत जैसी तमाम दिक्कतों को दूर किया जाएगा।
इस दौरान उन्होंने आप सरकार व क्षेत्रीय विधायक संजीव झा को आड़े हाथ लेते हुए कहा की पिछले दस सालों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली का बेड़ागर्क कर दिया है तो वहीं क्षेत्रीय विधायक संजीव झा पिछले दस सालों से क्षेत्र में नज़र ही नहीं आए है और अब चुनाव आ गया है तो फिर से क्षेत्र में निकल गए है और फिर से झूठे वादों का पिटारा खोलकर वादे करने में लगे हुए है। लेकिन इस बार क्षेत्र के लोग विधायक संजीव झा के झांसे में नहीं आने वाले है। मंगेश त्यागी ने कहा कि इस बार लोग कांग्रेस पर भरोसा दिखा रहे है और बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का विधायक ही लाना चाहते है।

## निगम पार्षद अजीत यादव ने चलाया सफाई अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भलस्वा** वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने जहांगीरपुरी के ब्लॉक के कई इलाको में जहां एक ओर गलियों में नाली की सफाई करवाई वही, क्षेत्र में हो रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा भी कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर उनके साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सैंकड़ो आप कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में एक साधारण कार्यक्रम के अंतर्गत आम आदमी पार्टी के 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए कांग्रेस का हाथ थामा। कांग्रेस के साथ जुड़ने वालों ने बताया कि वो कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, आदर्शों और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देशवासियों के लिए लगातार संघर्ष करने से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है।
आम आदमी पार्टी के नेताओं को पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, पूर्व सचिव जितेन्द्र बघेल, जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन और विष्णु अग्रवाल शामिल थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के फाउंडर सदस्य राजकुमार पासवान, तुगलकाबाद विधानसभा के रविन्द्र सिंह रावत, रोहतास नगर विधानसभा से सुरेन्द्र पांचाल विश्वकर्मा, पब्लिक ग्रीवेन्सस कोऑर्डिनेटर श्री एन आर गुप्ता, निगम प्रत्याशी आसमा रहमान, हाजी रहास, मौ. मोसिन, बीएसपी निगम प्रत्याशी अख्तर सिद्दकी, सदाम, काजी हुसैन, वार्ड अध्यक्ष केहती प्रसाद सहित सैंकड़ो कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया गया।



## कांग्रेस के दुष्प्रचार को लेकर भाजपा ने किया जोरदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी चांदनी चौक जिला द्वारा लाल किले के सामने विशाल प्रदर्शन किया।
**क्या हैं मामला:** भाजपा नेता हरीश असडी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है कि संसद के अंदर गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब अंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी की परंतु भाजपा के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली के अंदर बाबा साहब अंबेडकर की सिविल लाइन और कनॉट प्लेस में उनका अंबेडकर स्मारक बनाया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इंदिरा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और राजीव गांधी को भारत रत्न की उपाधि दी। बाबासाहेब ने हमारे देश का संविधान लिखा और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में पहली बार जीत कर पहुंचे तो सबसे पहले उन्हें संसद की चौखट पर माथा टेका। असडी ने कहा कि जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ विशाल प्रदर्शन किया और बाबा साहब अंबेडकर के जोरदार नारे लगाए बाबा साहब अंबेडकर अमर रहे, बाबा साहब अंबेडकर का नहीं सहेगा अपवान हिंदुस्तान। प्रदर्शन में दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा, दिल्ली प्रदेश मंत्री किशन लाल, भाजपा नेता कपिल मिश्रा, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी, निगम पार्षद सुशील जोंटी, रेनू अग्रवाल, जय भगवान अग्रवाल, जिला महामंत्री राजा खारी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।




## दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने किया गगनदीप सिंह का सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा राज्य स्तरीय जूनियर तबला मुकाबले में पहला स्थान हासिल करने वाले गगनदीप सिंह, पुत्र तरविंदरपाल सिंह का सम्मान किया गया। यह सम्मान करते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि गगनदीप सिंह जैसे युवा दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं और गुरमति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को गगनदीप सिंह जैसे युवाओं से शिक्षा और प्रेरणा लेनी चाहिए। गगनदीप सिंह ने अपने उस्ताद मनींदर सिंह से शिक्षा प्राप्त की है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के इस्तीफे की मांग की






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डा. अम्बेडकर पर संसद में आपत्तिजनक बयान देने के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, सह प्रभारी दानिश अबरार, सुखविन्दर सिंह डैनी, कमेटी के एससी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलौठिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, रमेश कुमार, कृष्णा तीरथ, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, राजेन्द्र गौतम, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, अनिल भारद्वाज, हरी शंकर गुप्ता, दर्शनाराम कुमार, विजय लोचव, कुंवर करण सिंह, आसिफ मौहम्मद खान, तस्वीर सौलंकी, जतीन शर्मा, सिद्धार्थ राव, पूर्व मेयर फरहाद सूरी, एससी विभाग के चेयरमैन संजय नीरज, सेवादल मुख्य संगठक सुनील कुमार, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा, दिल्ली प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, धर्मपाल चंदेला, जावेद मिर्जा, सतबीर शर्मा, गुरचरण सिंह राजू, दिनेश कुमार एडवोकेट, आदेश भारद्वाज, राजेश चौहान, विष्णु अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, राजकुमार जैन और मौहम्मद जरीफ और अब्दुल वाहिद शामिल थे। भारी संख्यां में मौजूद कार्यकर्ता 'अमित शाह माफी मांगे, माफी मांगे', दलितों का ये अपमान, नहीं सहेंगे, नहीं सहेंगे, अमित शाह इस्तिफा दो, इस्तिफा दो, बीजेपी हाय-हाय, गगनचुंबी नारे लगा रहे थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा बाबा साहेब संविधान निमार्ता, जिन्होंने करोड़ो देशवासियों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया, उनका अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के डा. अम्बेडकर के खिलाफ अपमानजनक बयान पर प्रधानमंत्री मोदी देश से माफी मांगे और अमित शाह तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की फोटो के साथ खिलवाड़ करना करना भाजपा की मनुवादी सोच का परिणाम है। कहीं अम्बेडकर की मूर्ति गिराई जाती है।

## मॉडल टाउनः गौ-हत्या पर पूर्ण रूप से लगे पाबंदीः प्रताप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रकृति ने हमें पेड़-पौधे, पहाड, नदियाँ, समुद्र, पशु-पक्षी सभी कुछ दिया है। मानव के विकास के रास्ते विविध तरीकों से खोले हैं। मानव को सोचने-समझने और अपने जीवन के साथ-साथ प्रकृति की बनाई हुई प्रत्येक वस्तु के संरक्षण का ज्ञान प्रदान किया है। लेकिन हम मनुष्य अपने कुछ निजी स्वार्थ की वजह से प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे है, नतीजन हम आए दिन कुदरत के प्रकोप के बारे में भी सुन रहे है। उक्त सभी बातें मॉडल टाउन में रहने वाले समाज सेवी व मां कामख्या के उपासक प्रताप सिंह गुरू जी ने कही। उन्होंने कहा कि मानव इस संसार में सबसे अधिक बुद्धिमान प्राणी है। ईश्वर ने विवेक तो मात्र उसे ही प्रदान किया है।



**प्रभु ने पशुओं में गाय को सर्वोत्तम बनाया:** प्रभु ने पशुओं में गाय को सर्वोत्तम बनाया है। यदि इस संसार में गाय नहीं होती तो हमारे लिए जीवन यापन-करना बहुत ही कठिन हो जाता। इसलिए गायों की सेवा व सुरक्षा से ही विश्व का कल्याण सम्भव है। उन्होंने गाए के अलावा अनेक जंगली जानवरों लेकर कहा कि विश्व से कई वन्य जीव विलुप्त होते जा रहे हैं, उन्हें बचाने एवं मानव के उनके साथ सम्बन्ध बनाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गुरूजी ने कहा कि इसके साथ-साथ करोड़ों हिन्दुओं की आस्था की प्रतीक गौमाता की हत्या पर पूर्ण रूप से पाबन्दी लगाने पर भी विशेष बल दिया गया।

## केशव पुरम के 'वरिष्ठ नागरिक फोरम' ने कराया सरस कवि सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केशवपुरम स्थित सनातन धर्म मंदिर के ऑडिटोरियम में लगभग ८०० से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों की संस्था वरिष्ठ नागरिक फोरम (एल्डरली सिटिजन फोरम) के बैनर तले चले सरस कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि डॉ जय सिंह आर्य ने की तथा कुशल संचालन वरिष्ठ कवि विनोद पाराशर ने किया। ज्ञातव्य है कि इस क्षेत्र की इस संस्था द्वारा यहां के वरिष्ठ नागरिको के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराना जिसमें हेल्थ चेक अप कैंप लगवाना, रक्तदान शिविरो का आयोजन, टूर कार्यक्रम जैसे अनेक सामाजिक क्रिया-कलापो का आयोजन मुख्य उद्देश्य रहा है। संस्था के इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से अनेक कवियों ने विभिन्न विधाओं के माध्यम से अनूठे ढंग से अपनी रचनाओं की जोरदार प्रस्तुति कर समां बांध दिया। इनमें बहुभाषी कवि सुभाष चंद्र उर्फ भाषी मुल्तानी, ओमप्रकाश कल्याण एवं विनोद पाराशर आदि ने हास्य विद्या में अपनी रचनाओं की जोरदार प्रस्तुति कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं राष्ट्रीय गीतकार डॉक्टर जय सिंह आर्य ने पिता और बेटियों की व्यथा पर ओजपूर्ण गीत पढ़कर सभी को भाव विभोर कर दिया। गाजियाबाद से पधारी शायरा पूजा श्रीवास्तव की गजलों ने अच्छा समां बांधा, वहीं अनिल बामनिया ने अध्यात्म एवं मानवीय मूल्यों पर कविता पढ़कर एक अलग आयाम दिया। संस्था के पदाधिकारी ने फूलमाला एवं शाल भेंटकर आमंत्रित कवियों का जोरदार सम्मान किया। अंत में फोरम के अध्यक्ष रमण लाल गोयल ने इस कार्यक्रम को चार चांद लगाने वाले सभी श्रोताओं एवं प्रतिभागियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हुए समापन की घोषणा की।




## शेल्टर होम के नाम पर करोड़ों का घोटाला हुआ उज़ागरः सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में अरविंद केजरीवाल सरकार पर एक शर्मनाक फजीवाड़े का आरोप लगाया और दिल्ली के असहाय लोगों का हक छिनने का खुलासा किया। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेसवार्ता में इस मामले शिकायतकर्ता अधिवक्ता हिमांशु सेठी भी उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार का एक विभाग है दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रुवमेंट बोर्ड जिसका काम है गरीब असहाय लोगों की मदद करना और उनके लिए रैनबसेरे शेल्टर होम देना।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की यह एक पवित्र मानवता सेवा कार्य है।

# दाह संस्कार के समय ही भिड़े भाजपा और कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर: प्रदर्शन के** दौरान मृत कांग्रेस कार्यकर्ता के अंतिम संस्कार में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। कांग्रेस का आरोप है कि पुलिस ने जगह-जगह उनको रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता कई रास्तों को जानते थे, इस कारण रास्ता बदल-बदल कर गोरखपुर पहुंच गये। उधर अंतिम संस्कार पर पहुंचे भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गये और एक-दूसरे पर हत्या का आरोप लगाकर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को किसी तरह अलग किया। गोरखपुर में भाजपा कार्यकताओं ने अजय राय का रास्ता भी रोक दिया, लेकिन कांग्रेसियों ने दूसरे



रास्ते से शव तक पहुंचा दिया। इस दौरान दोनों पार्टी के कार्यकर्ता काफी देर तक आपस में उलझ गये। इसके लिए पुलिस काफी मशक्कत करनी पड़ी। देईपार निवासी 28 वर्षीय प्रभात पांडे बुधवार को लखनऊ में कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में शामिल होने गए थे। इस दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। इसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी और सुबह ही कांग्रेस कार्यालय पर पहुंच गयी। कांग्रेसी हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को मृतक मनीष

**विरोध**

**उधर अंतिम संस्कार पर पहुंचे भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गये**

पांडे का शव दाह संस्कार के लिए गोरखपुर के कालेश्वर मोक्षधाम पर लाया गया। शव पहुंचते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जुट गए। भाजपा कार्यकताओं को देखकर कांग्रेसी भड़क गए और आमने-सामने होकर एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी करने लगे।इस दौरान कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय भी पहुंच गए। अजय राय को देखते ही भाजपा के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करते हुए ह्य अजय राय, वापस जाओह्न का नारा लगाने लगे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता भी भाजपाइयों से भिड़ गए और मामला बढ़ते देख पुलिस दोनों के बीच में आकर समझने की कोशिश करने लगी। तभी कांग्रेसी कार्यकताओं ने दूसरे रास्ते से प्रदेश अध्यक्ष को शव के पास श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचा दिया। फिर से दोनों कार्यकताओं में धक्का मुक्की होने लगी लेकिन पुलिस ने किसी तरह से मामले को संभालते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया।दाह संस्कार के दौरान मोक्ष धाम पर काफी गहमा गहमी रही और अधिक संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे। मुखाग्नि पिता

# बेलवन में लक्ष्मी जी के दर्शनों को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। यमुनापार** स्थित बेलवन में पौष माह के पहले बृहस्पतिवार को लक्ष्मीजी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसी के चलते बृहस्पतिवार को बेलवन में मेला लगाया जाता है जिसमें बच्चों के आकर्षण के लिए झूले एवं बाजार लगाया जाता है मथुरा के मांट क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर के निकट यमुना किनारे बेलवन मंदिर पर लगे मेले में मां लक्ष्मीजी के दर्शनों के लिए पौष माह के पहले बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने दर्शन कर मनौती मांगी। भंडारे में खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि बांसुरी की धुन पर श्रीकृष्ण के साथ महारास में सम्मिलित होने के लिए महालक्ष्मी आज भी यमुना



किनारे बेलवन में तपस्या कर रही हैं। यहां पौष माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मेले का आयोजन किया जाता है।बेलवन में पौष माह के पहले बृहस्पतिवार को मां लक्ष्मी जी के दर्शन का महत्व है। तड़के से बेलवन में श्रद्धालु पहुंचने लगे। मंदिर में लक्ष्मीजी के दर्शन के लिए शाम तक भीड़ उमड़ती रही। दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने कतार में घंटों इंतजार कर मां के दर्शन कर मनौती मांगी। यहां चल रहे भंडारे में खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। दर्शनों को आई भीड़ के सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा रास्ते में जगह जगह पर बेरीकेटिंग लगायी गयी जिससे बाहरी वाहनों को मन्दिर से दो किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### तैयार हो जाइए W.i.S.H. के नए गाने बूम बूम के साथ झूमने के लिए

**नई दिल्ली।** एक बार फिर से खुद को बीते समय की मस्ती का मजा लेने के लिए तैयार कर लीजिए क्योंकि पॉप गर्ल ग्रुप W.i.S.H. आपकी प्लेलिस्ट में धूम मचाने के लिए 1982 में नाज़िया हसन के मशहूर गाने बूम बूम का नया और रिफ्रेश वर्जन लेकर आ रही हैं। उनका यह रीक्रिएशन नाज़िया हसन की विरासत को एक शानदार नजराना है, जिसमें पुराने गाने की आत्मा को ह्.र.ल्. के नए और आधुनिक अंदाज के साथ बड़ी ही खूबसूरती से मिलाया गया है। संगीत के दिग्गज मिकी मैकक्लेरी और पार्थ पारेख द्वारा प्रोड्यूस किया गया यह गाना पुराने जमाने के आकर्षण को नए जमाने की धुनों के साथ बखूबी जोड़ता है। बूम बूम एक बार फिर उस समय की एनर्जी को जगाता है, इसके जोशीले अंदाज और शानदार बीट्स के साथ हर पीढ़ी के फैंस आसानी से जुड़ जायेगे। यह गाना दिलों को जोड़ने और डांस फ्लोर पर थिरकाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
इस गाने के बारे में W.i.S.H. ने बताया कि, हमारे लिए बहुत गर्व की बात है, की हमें नाज़िया हसन और बिद्दू के क्लासिक गाने को फिर से बनाने का सुनहरा मौका मिला। डिस्को दौर ने हमेशा हम सभी पर गहरी छाप छोड़ी है, और शायद इसलिए हमने इस प्रोजेक्ट में अपना दिल और जान लगा दी है। हमने इस गाने को एक नए अंदाज में पिरोया है ताकि इसे नई पीढ़ी के सामने दिलचस्प रूप में पेश कर सकें। यह पुरानी यादों और नएपन का बड़ा ही खूबसूरत संगम है, जिसे हम गर्व से सबके सामने पेश कर रहे हैं। मिकी मैक्लेरी कहते हैं कि, यह प्रोजेक्ट हमारे लिए वाकई में बहुत अहमियत रखता है, नाज़िया हसन और बिद्दू का ओरिजिनल गाना अपने समय से काफी आगे था और आज भी बेमिसाल है। W.i.S.H. के साथ हमने इसकी खूबसूरती को बरकरार रखते हुए एक नया संगीत अंदाज पेश करने की कोशिश की है, जिसे आज की पीढ़ी पसंद करेगी। हमारी पेशकश को इस क्लासिक गाने के लिए हमारी तरफ से एक नजराना समझा जाए। जिसके साथ हम डिस्को दौर का जश्न मना रहे हैं।

### कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों तथा नेकॉर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने सबसे पहले सभी जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में शामिल लोक अभियोजन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी पर पुलिस को दूसरे जिले में पदस्थापित सरकारी गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एस.पी कार्यालय से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए समयंतर्गत संपर्क करें। इसी क्रम में नार्को समन्वय समिति की जिलास्तरीय बैठक में मद्य निषेध के मुद्दे पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने नशा मुक्ति केंद्रों के सत्यापन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर के द्वारा नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित सत्यापन व निरीक्षण के उपरांत उक्त रिपोर्ट को उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्र समस्त मानकों का अनुपालन करे। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर छापेमारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों, कॉलेज और स्कूलों में मद्य निषेध के प्रति जागरूकता अभियान चलाते रहे। साथ ही मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर रोक लगाने के लिए कारगर उपाय करने का कार्य करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, एस.पी. क्राइम अवनीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आन्यौर में बंद पड़े उपस्वास्थ्य केंद्र के बहुरेंगे दिन

**मथुरा।** गिरिराज परिक्रमा मार्ग स्थित गांव आन्यौर में वर्षों से बंद पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र के दिन बहुरने वाले है। नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि ने क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर बंद पड़े बदहाल स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण की मांग की है। इस पर उपमुख्यमंत्री ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया है। नगर पंचायत गोवर्धन के वर्ष 2019 में हुए सीमावृद्धि में गांव आन्यौर नगर पंचायत गोवर्धन में शामिल हुआ। वर्षों से गांव में स्थित एक मात्र उप स्वास्थ्य केंद्र बंद एवं बदहाल पड़ा है।

# आगुंतक कृपया ध्यान दें, वृंदावन धर्म नगरी है पर्यटन स्थल नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: विश्व प्रसिद्ध** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में देश विदेश के कोने से हर दिन अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन पहुंचते हैं लेकिन अब बांके बिहारी मंदिर में अमर्यादित कपड़े पहनकर आने से मना करने की अपील मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं से आने जाने वाले मार्ग पर बैनर के माध्यम से की गई है विगत दिनों वृंदावन के कई मंदिरों सहित बरसाना के राधा रानी मंदिर में भी बाहर से आने वाले वाले श्रद्धालुओं द्वारा अमर्यादित कपड़ों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसी क्रम में अब बांके




बिहारी मंदिर में भी अमर्यादित वस्त्र पहनकर ना आने की श्रद्धालुओं से अपील की गई है। विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य की झलक पाने के लिए आते हैं लेकिन कई बार देखा गया है कि श्रद्धालु मंदिर परिसर में अमर्यादित कपड़े पहनकर प्रवेश करते हैं जिससे मंदिर की प्रतिष्ठा पर फर्क पड़ता है बांके बिहारी आने जाने वाले मार्गों पर बैनर लगाकर श्रद्धालुओं से मर्यादित कपड़े ही पहनकर मंदिर में प्रवेश करने की अपील की गई है इसके साथ ही मंदिर में छोटे कपड़े, हॉफ पैंट, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, कटी-फटी जींस पहनकर न आने की अपील की गई है वहीं मंदिर में साड़ी, सूट, पैंट-शर्ट जैसे मर्यादित कपड़े पहनकर ही आएं ऐसा मंदिर प्रबंधन की तरफ से कहा गया है। अपील के बैनर पोस्टर लगने के बाद मंदिर के सेवायत मयंक गोस्वामी ने कहा कि मन्दिर प्रबंधन की अपील बहुत जरूरी है,क्योंकि जिस तरह से कुछ लोग मंदिर में अमर्यादित कपड़े पहनकर आते है जैसे वो भगवान के दर्शन नहीं बल्कि पिकनिक बनाने को आए है वहीं उन्होंने भक्तों से खासकर महिलाओं के साथ साथ लड़कियों से अपील की है कि आप यहां वृंदावन बांकेबिहारी के दर्शन को आए उन्होंने कहा कि कपड़े पहनने में कोई बुराई नहीं मगर सिर्फ यहां की धार्मिक आस्था और संस्कृति के साथ ठाकुर जी की मयार्दा को ध्यान में रखकर मर्यादित वस्त्र ही पहने ताकि यहां मंदिर में आकर भगवान के भक्ति भाव के साथ पूरी आस्था और मयार्दा के साथ दर्शन पूजन कर सकें।

# मंत्री के सलाहकार पहुंचे चांदपुरकला, किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा। नौहझील** क्षेत्र के गांव चांदपुर कलां में ग्रामीणों की मांग पर नेहरू स्मारक इंटर कालेज में खेल मैदान, डिजिटल लाइब्रेरी एवं पक्के श्मशान निर्माण हेतु व बाजना इंटर कालेज में खेल मैदान हेतु केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी के सलाहकार डॉ प्रभात कुमार ने एसडीएम मांट अनुभव जे जैन एवं आदि अधिकारियों के साथ बुधवार को निरीक्षण किया। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में इन विकास कार्यों के न होने के चलते गांव में प्रदर्शन किया



गया था।सलाहकार डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि मंत्री जयंत चौधरी क्षेत्र के युवाओं का सर्वांगीण विकास चाहते हैं। इसलिए इन इंटर कॉलेजों के खेल मैदानों को उच्चीकृत करना चाहते हैं। जिससे यहां के युवा भविष्य में खेलों में अपना व क्षेत्र का परचम लहरा सकेंगे।सभी विकास कार्य जल्द ही कराये जायेंगे।

## अल्पसंख्यकों को दी उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। कलेक्ट्रेट** सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक सामाजिक तथा शैक्षिक विकास के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई एवं समस्त योजनाओं की जानकारी दी गयी।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक पात्र अल्पसंख्यक को लाभान्वित करे।

# प्रदर्शन: संसद की तकरार, नीचे तक पहुंची रार




**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह की डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को डिग गेट चौराहा स्थित संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने किया। अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी की। इसके बाद हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठ गये। विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि अमित शाह अपने बयान के लिए माफी मांगें और तुरंत इस्तीफा दें। अमित शाह का बयान न केवल डॉ. अंबेडकर के प्रति अपमानजनक है, बल्कि यह दलित और वंचित समाज के प्रति भी एक बड़ा अपमान है। यह बयान भाजपा की मानसिकता को दशार्ता है। डॉ. बीआर अंबेडकर का ऐतिहासिक योगदान रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता थे और उन्होंने दलितों और वंचित समाज के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने अस्पृश्यता और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी और समानता, न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों को स्थापित किया। उनके योगदान के बिना, आज का भारत एक समान और न्यायपूर्ण समाज नहीं होता। मुकेश धनगर ने कहा कि अमित शाह का बयान न केवल डॉ. अंबेडकर का अपमान है, बल्कि यह उन सभी लोगों का अपमान है जो उनकी विचारधारा के साथ जुड़े हुए हैं। यह बयान हमारे समाज के मूल्यों और समानता के सिद्धांतों के खिलाफ है। डॉ. अंबेडकर ने हमें समानता का अधिकार दिलाया है और हमें यह अधिकार दिलाया है कि हम दूसरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो सकते हैं। कामरेड शिवदत्त चतुर्वेदी संतोष पाठक, अबरार कुरैशी, कुमार सिंह निषाद मौजूद रहे।

# एमवीडीए की कार्यवाही का लोगों ने किया विरोध

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। कृषि भूमि** को खरीदकर उसमें प्लाटिंग कर लोगों को उंचे दामों में बेचने का धंधा जोरों पर है। दूसरी ओर एमवीडीए द्वारा इक्का दुक्का कार्यवाही की जा रही है। एमवीडीए की टीम को को इस दौरान विरोध का सामना भी करना पड रहा है। पुलिस बल की मौजूदगी में की गई इसी प्रकार की कार्यवाही के दौरान लोगों ने विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें खदेड दिया।
प्रभात कुमार चतुर्वेदी द्वारा आराध्य स्टेट के पीछे मौजा वाकलपुर गणेशरा में लगभग 2000 वर्ग मीटर में दाऊदयाल पुत्र ओम प्रकाश द्वारा देवीपुरा गणेशरा रोड अंडर फ्लाई ओवर के पास लगभग



1010 वर्ग मीटर भूमि पर, सीता राम ग्राम वाकल पुर वाले नगला मोरा की ओर हरे कृष्णा ऑर्किड के पास रजवाहे मथुरा में लगभग एक बीघा भूमि पर, होती सिंह पुत्र फूल चंद द्वारा देवी पुरा बाजना रोड पर देवी पुरा मथुरा पर लगभग 2.5 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति कराए अवैध कॉलोनियों के अन्तर्गत सड़क नाली व चारदीवारी गेट एवं निमार्णाधीन भवन डीपीसी आदि का विकास कार्य करते हुए भूखंडों का विक्रय किए जाने पर प्राधिकरण द्वारा नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए निर्माण कर्ता को विकास कार्य बंद करते हुए अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए गए। निर्धारित अवधि में निर्माणकर्ता के उपस्थित न होने पर समस्त वादों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा तैनात मजिस्ट्रेट प्रीति जैन, सहायक अभियंता अशोक चौधरी, अवर अभियंता सुनील राजौरिया, प्रवर्तन दल एवं थाना हाइवे पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

# प्रत्येक ब्लॉक में बनाये जाएं गो समाधि स्थल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा। ब्रज** वृन्दावन देवालय समिति की एक बैठक बरसाना में अध्यक्ष आलोक गोस्वामी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोस्वामी कृष्णानन्द भट्ट के नेतृत्व में आयोजित की गई। ब्रज के विभिन्न क्षेत्र से पधारे गोस्वामी गण, आचार्य एवं देवालयों के पुजारी इस महत्वपूर्ण बैठक के हिस्सा रहे। वृन्दावन के बीच धोरेरा के जंगलों में मृत गौवंश के मिलने पर आंदोलनकारी गौ रक्षकों पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की निंदा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि ब्रज में भगवान श्री कृष्ण बलराम अपने सखाओं के साथ गौचारण करते थे। समिति ने प्रशासन से मांग की कि गौरक्षकों पर लगाए गए सभी धाराओं



में दर्ज मुकदमे वापस लिए जायें। वक्ताओं ने मांग की कि ब्रज को गौ संवर्धन का सर्वोत्तम केंद्र बनना चाहिए, जिससे विश्व में गौ संवर्धन का एक उदाहरण पेश किया जा सके। उन्होंने माँग की कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे कि कभी जांच हो तो पता चल सके कि गौ माताओं को ठीक से भोजन आदि मिल रहा है कि नहीं, गौ भक्तों को गौशालाओं का भ्रमण करने की अनुमति मिलनी चाहिए। गौवंश के स्वास्थ्य रक्षा के लिए गौ मेडिकल वैन सेवा आरम्भ की जाए, जो कि आधुनिक उपकरणों से लैस हो। उसमें एक्सरे मशीन, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी की व्यवस्था भी हों। गौवंशो को हमेशा वेटनरी कॉलेज ले जाना संभव नहीं है। गौचर भूमि के अभाव से घरों में एवं गौशालाओं में गौवंशो को हमेशा एक ही स्थान पर बांध कर रखा जाता है जो कि उनके लिए एक कारागार से कम नहीं है। उन्होंने सम्पूर्ण ब्रज में गौचर भूमि मुक्त कराने की मांग की। सभी ग्राम, ब्लॉक, नगर आदि में गौचर भूमि चिह्ननित हो एवं उस स्थान पर बाउंड्री बनाया जाए। गौवंश के मृत्यु होने पर उन्हें ससम्मान समाधि देने की व्यवस्था हो। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में गौ समाधि स्थल बनाया जाए। समिति के सभी सदस्यों ने कहा कि गौवंश संरक्षण एवं जिले के गौचर भूमि मुक्त कराने हेतु शासन के उच्च स्तरीय अधिकारियो एवं नेताओं से मिला जाएगा एवं आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का शरण लिया जाएगा। गौ संवर्धन, गौचर भूमियों का संरक्षण, ब्रज में पहाड़ों एवं कुण्ड संरक्षण के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुयी एवं इसके लिए आगे की कार्यवाही तय की गयी। बैठक को सर्वश्री आलोक गोस्वामी, गोस्वामी श्रीकृष्णनंद भट्ट, यज्ञ पुरुष गोस्वामी, कृष्ण मुरारी गोस्वामी, गोपाल कृष्ण गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, सिद्धार्थ शुक्ला, हरिश्चन्द्र गोस्वामी, रजत शर्मा, ब्रजेश शुक्ला, मनीष पारीख, भगवत स्वरुप शर्मा, नकुल गोस्वामी आदि ने सम्बोधित किया।

# लैंक्सेस ने 2024 की तीसरी तिमाही में अपनी आय में शानदार वृद्धि दर्ज की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: स्पेशियलिटी केमिकल्स** कंपनी लैंक्सेस की 2024 की तीसरी तिमाही की आय में शानदार वद्धि देखने को मिली है। इस अवधि में कंपनी का एबिटा प्री एक्सेप्शनल्स 173 मिलियन यूरो पर रहा है, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 119 मिलियन यूरो से 45.4 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि मुख्य रूप से वॉल्यूम और क्षमता उपयोग में हुई बढ़ोतरी, और फॉरवर्ड! एक्शन प्लान की वजह से लागत में हुई बचत के कारण हासिल हुई है।लैंक्सेस एजी के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष मैथियास जैशर्ट ने कहा तमाम परेशानियों और केमिकल इंडस्ट्री के लिए चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धी माहौल के बावजूद, हम अपने रास्ते पर बने हुए हैं। ग्लोबल डिमांड में कमजोरी को दूर करने के लिए हमारे समय पर उठाए गए कदम कारगर साबित हो रहे हैं। हमारी उत्पादन ईकाइयां अपनी उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और हमारे फॉरवर्ड! एक्शन प्लान ने लागत घटाने में काफी बड़ा योगदान किया है। इसलिए कंपनी इस पूरे वर्ष के लिए अपने पूर्व घोषित गाइडेंस पर कायम है - भले ही अभी तक बड़े पैमाने पर सुधार नजर नहीं आ रहा है। तीसरी तिमाही में ग्रुप की बिक्री 1.598 बिलियन यूरो दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की समान अवधि में समूह की बिक्री 1.601 बिलियन यूरो थी। ऐसे में देखें तो तीसरी तिमाही में बिक्री का आंकडा सालाना आधार पर लगभग सपाट रहा है। तीसरी तिमाही में लगभग सभी कारोबारी इकाइयों के वॉल्यूम में बढ़ोतरी हुई, जबकि बिक्री मूल्य में गिरावट आई है। इसमें कच्चे माल और ऊर्जा लागत में कमी का अहम योगदान रहा है तीसरी तिमाही में एबिटा मार्जिन प्री एक्सेप्शनल्स 10.8 प्रतिशत पहुंच गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 7.4 प्रतिशत था। शुद्ध आय 1 मिलियन यूरो रही और यह पूरी तरह से निरंतर चल रहे कामकाज से हासिल हुई है। पिछले साल की समान तिमाही में परिचालन से होने वाली शुद्ध आय नेगेटिव 131 मिलियन यूरो रही थी।




# उत्तराखंड निवास जनता के लिए भी होगा सुलभ

## सीएम धामी ने कक्ष आरक्षण की मौजूदा दरों का पुनर्निर्धारण करने के भी निर्देश दिए

**सुविधा**

▸▸ आम नागरिक भी राजधानी दिल्ली में स्थित इस आधुनिक भवन की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली स्थित नवनिर्मित उत्तराखंड निवास को आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। इस कदम से अब उत्तराखंड के आम नागरिक भी राजधानी दिल्ली में स्थित इस आधुनिक भवन की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने मीडिया में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड निवास में कक्ष आरक्षण प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन के निर्देश दिए।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद को मिला भारत गौरव पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: उत्तराखंड के** कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें राजनीति में उनके लंबे अनुभव, कार्यक्षेत्र में सक्रियता, सामाजिक योगदान और आध्यात्मिक क्षेत्र में उनकी भूमिका के लिए प्रदान किया गया।भारत गौरव पुरस्कार के आठवें अधिवेशन का आयोजन नई दिल्ली में हुआ। सम्मान समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, केंद्रीय राज्य मंत्री नीमूबेन बंभानिया, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, डॉ. संदेश यादव और आकाश पांडेय ने डॉ. अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह मेरे कार्यों के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता और सेवा भावना का प्रतीक है। यह मुझे समाज की सेवा में और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देता है।

# हरिद्वार में फिर गरमाई धर्म संसद की बहस! अनुमति से इनकार, संत हुए मुखर

**धर्म संसद**

▸▸ संतों ने इसकी अनुमति को लेकर रक्त से लिखे पत्र भी मुख्यमंत्री धामी को भेजे हैं।



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार: जूना अखाड़े में** आज गुरुवार से शुरू होने वाली संतों की धर्म संसद को प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। जबकि संत धर्म संसद को लेकर मुखर हैं। इससे टकराव की आशंका भी बनी हुई है। संतों ने इसकी अनुमति को लेकर रक्त से लिखे पत्र भी मुख्यमंत्री को भेजे हैं। तीन साल पहले हरिद्वार में हुई ऐसी ही धर्म संसद में हेट स्पीच का मामला दिल्ली तक गूंजा था, जिसके बाद प्रशासन धर्म संसद को लेकर पूरी तरह सतर्क है। प्रशासन के साथ हुई संतों की बैठक के बाद प्रशासन ने साफ-साफ कह दिया है कि धर्म संसद के आयोजन की अनुमति नहीं दी जा सकती।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सीएम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया।

# कांग्रेसी अब संसद में गुंडागर्दी में उतर आए: महेंद्र भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संसद परिसर में राहुल के नेतृत्व में लोकतंत्र पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के अपमान का झूठ फैलाने वाले अब संसद में गुंडागर्दी में उतर आए हैं। राज्यसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि साथ ही राहुल गांधी से नैतिक आधार पर नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफे और कांग्रेस से सार्वजनिक माफी की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष लंबे समय से देश में संविधान और आरक्षण समाप्त करने का झूठा नैराटिव चलाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में इनके झूठ और अफवाह की पोल खुलने के बाद, जनता ने इन्हें बुरी तरह से नकार दिया है। बहस में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की ओर से कांग्रेस को आइना दिखाने के बाद तो ये लोग पूरी तरह बौखलाए हुए हैं।

## नगर निगम चुनाव की तैयारी!

**ऋषिकेश।** आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को पार्टी के पर्यवेक्षकों ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और मेयर तथा पार्षद पदों के उम्मीदवारों के चयन के लिए रायशुमारी की। इस दौरान भाजपा की केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, दान सिंह रावत, श्याम डोभाल और चमन सिंह ने कार्यकर्ताओं से प्राप्त आवेदन पत्रों और संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी ली। पर्यवेक्षकों ने बताया कि पार्टी को अब तक मेयर पद के लिए 15 और पार्षद पद के लिए 123 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज को मिलेगा एम्स भोपाल और गोरखपुर का साथ

**अवलोकन**

▸▸ गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज को एम्स भोपाल और गोरखपुर से मिलेगी लाइव आसीयू सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के निदेशक एवं एम्स गोरखपुर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खास तौर पर गुरु गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज) की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और उपलब्ध सुविधाओं को उत्कृष्ट बताया। प्रो. अजय सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल और गोरखपुर इस मेडिकल कॉलेज के साथ मिलकर पूर्वांचल के मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। एम्स भोपाल के निदेशक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के परिसर और कार्य संस्कृति को देखकर काफी प्रभावित हुए और मुक्त कंठ से इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करना नई उपलब्धियों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

सर्वे छत्तीसगढ़िया समाज के प्रदेश भर से हजारों प्रतिनिधि ने धरना/प्रदर्शन में भाग लिए।

# डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के नाम बदले से अक्रोशित है सर्व छत्तीसगढ़ समाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**छत्तीसगढ़ शासन** द्वारा डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदले जाने से अक्रोशित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज सहित सतनामी समाज, धोबी समाज, सेन समाज, साहू समाज, चंद्राकर समाज, एवं सर्वे छत्तीसगढ़िया समाज के प्रदेश भर से हजारों प्रतिनिधि ने धरना/प्रदर्शन में भाग लिए। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदला जाना यह छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्न दृष्टा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक एवं जातिगत भेदभाव एवं कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्षरत डॉक्टर खूबचंद बघेल का ही नहीं अपितु मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का ऐसा अनपेक्षित निर्णय छत्तीसगढ़ के महापुरुषों के गौरव एवं स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने के साथ ही उनकी अस्मिता को मिटाने की साजिश है। महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने कहा कि यह लड़ाई छत्तीसगढ़िया समाज के स्वाभिमान एवं सम्मान की लड़ाई है।

